हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार 4 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 29.1 डिग्री
न्यूनतम 12.4 डिग्री

12 आयुक्त ने दुकानों के दस्तावेज जांच करने के दिए निर्देश



13 दान मांगते बच्चों की टोली पहुंची घरों में, बड़ों ने भी भर दी झोलियां





### पुलगांव मिनीमाता चौक से अंजोरा तक बाईपास रोड का हाल-बेहाल

# 80 करोड़ की सड़क में 800 से अधिक गड्ढे 2027 तक गारंटी, फिर भी जिम्मेदार मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

दुर्ग जिले में तीन साल पहले पुलगांव मिनीमाता चौक से अंजोरा तक फोरलेन बाइपास का निर्माण किया गया था। लगभग 80 करोड़ रुपए की लागत से बनी यह सड़क दम तोड़ती दिख रही है। इसमें जगह जगह गड्ढे हो गए हैं और सड़क ऊपर नीचे दब गई है। इससे यहां दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। पीडब्ल्यूडी से मिली जानकारी के मुताबिक कांग्रेस शासन काल में दुर्ग जिले के विधायक और पीडब्ल्यूडी मंत्री ताम्रध्वज साहू के समय इस रोड का टेंडर जारी किया गया था। यह टेंडर बेमतरा से कांग्रेस के तत्कालीन कांग्रेस विधायक के भाई को मिला। पीड्ल्यूडी ईई अशोक श्रीवास के समय में निर्माण में भारी कोताही बरती गई है गुणवत्ता का ध्यान नहीं देने से यह सड़क महज तीन साल के अंदर ही दम तोड़ने लगी है।

पीडल्यूडी के ईई का कहना है कि निर्माण एजेंसी के संचालक को साल 2027 तक इस सड़क का रख रखाव देखना है। यानि यदि ये सड़क समय से पहले खराब होती है तो एजेंसी को सड़क उखाड़कर बनाना होगा, या फिर रिपेयर करना होगा। वर्तमान में सड़क की हालत खराब होने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी एजेंसी से संधारण का काम नहीं करवा रहे हैं। अधिकारियों की मेहबानी के चलते ठेकेदार सड़क की मियाद पूरी होने का इंतजार कर रहा है।



#### सड़क में हो गए 800 से अधिक गड्ढे

मिनीमाता चौक से अंजोरा तक जब सड़क का दौरा किया गया तो पाया गया कि लगभग 5 से 6 किलोमीटर की इस सड़क में 800 से अधिक बड़े व छोटे गड्ढे पड़ गए हैं। इतना ही नहीं आधे से अधिक सड़क की डामर दबने से सड़क कहीं ऊंची तो कहीं नालीनुमा रूप ले चुकी है। इससे वाहन चालक अनबैलेंस होकर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि सड़क के खराब होने बाद से यहां आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। कई लोगों की मौत भी हो चुकी है।



#### दिया जा रही है नोटिस

सड़क खराब होने की जानकारी मिली है। ठेकेदार को 2027 तक सड़क का मेंटिनेंस देखना है। उसे नोटिस जारी कर सड़क का संधारण करने के लिए कहा जाएगा।

-**आशीष भट्टाचार्य**, कार्यपालन अभियंता, पीडब्ल्यूडी ईई

# पंचायत से सबमर्सिबल पंप चोरी करने वाले गिरफ्तार

**भिलाई।** ग्राम पंचायत रसमड़ा से सबमर्सिबल पंप चोरी के मामले में पुलिस दो युवक व एक अपचारी बालक को गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि प्रार्थी ग्राम पंच रसमड़ा बालकिशन निषाद ने पुलिस चौकी में शिकायत की थी कि गांव मे पानी टंकी में पानी सप्लाई का पाईप लाईन व सबमर्सिबल पंप पार हो गया। पुलिस ने ग्राम रसमड़ा शीतला पारा निवासी सुमेश निर्मलकर को संदेह के आधार पर पूछताछ के लिए पकड़ा। वो इससे पहले राजनांदगांव से चोरी के मामले में जेल जा चुका है। उसने अपने साथी निखिल रामटेके व एक नाबालिग के साथ 28 दिसंबर की रात हैक्सा ब्लेड़ से वायर को काटकर सबमर्सिबल पंप को चोरी करना स्वीकार किया। चोरी गए सबमर्सिबल पंप की कीमत 25 हजार रुपए बताई जा रही है।

एक एहसास अपनेपन का...
स्पर्श
मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
SPARSH MULTISPECIALITY HOSPITAL
PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE
NABH CERTIFIED
24x7 EMERGENCY SERVICES

निशुल्क फाइब्रोस्कैन जांच शिविर
दिनांकः 05 जनवरी 2026, सोमवार | समयः सुबह 11 बजे से 3 बजे तक

शिविर में उपलब्ध सुविधाएं
- विशेषज्ञ द्वारा परामर्श
- मुफ्त फाइब्रोस्कैन (लिवर की कठोरता) जांच
- लिवर से संबंधित समस्याओं पर महत्वपूर्ण जानकारी और सुझाव

कौन शामिल हो सकते हैं?
- फैटी लिवर की समस्या है
- शराब का सेवन करने वाले लोग
- हेपेटाइटिस की हिस्ट्री वाले लोग
- लिवर की किसी भी बीमारी का पारिवारिक इतिहास
- जिन्हें भी लिवर में वसा (फैट) की मात्रा की जांच करवानी हो


डॉ. अभिजीत जैन
MBBS, MS
MCh
(Surgical Gastroentrology)

निशुल्क थायरॉयड जांच शिविर
दिनांकः 01 से 31 जनवरी 2026, सोमवार से शनिवार
समयः 03 बजे से 05 बजे तक

शिविर में उपलब्ध सुविधाएं
- विशेषज्ञ द्वारा परामर्श
- निशुल्क थायरॉइड जांच
- थायरॉइड से संबंधित समस्याओं पर महत्वपूर्ण जानकारी और सुझाव

कौन शामिल हो सकते हैं?
- बच्चे एवं समस्त आयु वर्ग के लोग
- थकान, वजन बढ़ना या घटना की समस्या हो
- घबराहट, दिल की तेज धड़कन
- बाल झड़ना, त्वचा का रूखापन
- बच्चों में बढ़त/ग्रोथ का रूकना
- महिलाओं में मासिक धर्म व गर्भधारण की समस्या

मधुमेह, थायराइड एवं हार्मोन स्पेशलिस्ट

डॉ. रजत देब
MBSS, MD (Medicine)
DM (Endocrinology)

पंजीयन के लिए संपर्क करें
0788-4052040 | 77730 10941
रामनगर, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
CALL FOR EMERGENCY
62691 62691
Deepak Advertisers

अतिशीघ्र आवश्यकता है
2 पद - ड्राइवर (पुरुष)
2 पद - कंप्यूटर ऑपरेटर (महिला/पुरुष)
10 पद - सिक्योरिटी गार्ड
(वेतनमान अनुभव के आधार पर)
कार्यस्थल भिलाई एवं दुर्ग
इंटरव्यू दिनांक- 5/1/2026
समय-दोपहर 2:00 से शाम 5:00 बजे तक
फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट कैंपस
इंदिरा गांधी स्कूल, भिलाई,
जिला-दुर्ग छत्तीसगढ़-490023

#### युवती को पुलिस ने बचाया

**भिलाई।** कोतवाली थाने की डॉयल 112 की टीम ने एक युवती को शिवनाथ नदी में छलांग लगाने के बाद सुरक्षित बचा लिया। पेट्रोलिंग पार्टी मौके पर पहुंची और जवानों ने युवती को सुरक्षित बाहर निकाला। युवती का नाम मोहन नगर दुर्ग निवासी पूनम श्रीवास्तव है। पुलिस ने उसके परिजनों के पास उसे सुरक्षित सौंप दिया है।

# बिजली कर्मी तीन दिन से लापता सीडीआर से जानकारी जुटाई जा रही है

### खोजबीन में जुटी पुलिस के हाथ खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

घर से काम पर निकले बिजली कर्मी तीन दिनों से लापता हो गया है। इसकी जानकारी तक नहीं मिल पा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक दुर्ग सिविल लाईन स्थित बिजली आफिस 33/11 केव्ही सब स्टेशन परिसर से गोल मार्केट वैशाली नगर निवासी बिजली कर्मी ऋषि कपूर 1 जनवरी की सुबह अपने घर से निकले थे। अपने आफिस पहुंचे थे लेकिन ऋषि सुबह 9.45 बजे आफिस को खोल कर अपना बैग, मोबाईल, पर्स एवं गाड़ी रख कर बिना बताए लापता हो गए। परिजनों ने आसपास खोजबीन किया लेकिन ऋषि के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। मामले की जांच पद्मनाभपुर पुलिस कर रही है।



पुलिस के मुताबिक ऋषि 5 फीट 3 इंच लंबा, रंग सांवला, ठुड्डी में गड्ढे का निशान, बाल छोटे, गले में चांदी और रुद्राक्ष की माला है। वो ग्रे कलर की पैंट, हल्की गुलाबी छीटदार शर्ट, ग्रे कलर का जैकेट और भूरे रंग का जूता है। पुलिस गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

#### खंगाले जा रहे हैं सीसी कैमरे, चल रही पूछताछ

ऋषि की जानकारी जुटाने के लिए सिविल लाइन पुलिस आसपास में लगे सीसी कैमर को खंगाल रही है। इसके साथ ही ऋषि किस कारण गायब है या फिर उसका अपहरण हुआ है इसकी जानकारी के लिए परिजनों और दोस्तों से पूछताछ की जा रही है। पदमनाभपुर टीआई राज कुमार लहरे ने बताया कि कर्मी के लापता मामले में सीडीआर खंगाला जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ बताया जा सकता है।

# चैतन्य हुए रिहा, बेटे को लेने पहुंचे भूपेश बने खुद सारथी

### रायपुर से भिलाई तक साथ चला गाड़ियों का लंबा काफिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को 168 दिनों की न्यायिक हिरासत के बाद आखिरकार हाईकोर्ट से जमानत मिल गई। शुक्रवार 3 जनवरी 2026 को रायपुर सेंट्रल जेल से रिहा होने के बाद चैतन्य सीधे भिलाई-तीन स्थित अपने निवास पहुंचे। जैसे ही उनकी गाड़ी रायपुर से भिलाई के लिए बढ़ी उनके साथ भिलाई तीन तक कांग्रेस कार्यकर्ताओं का लंबा काफिला चल दिया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री खुद बेटे की गाड़ी के सारथी बने। वो गाड़ी चलाकर उन्हें घर तक ले गए।

जगह-जगह कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। आपको बता दे की चैतन्य बघेल को ईडी ने 18 जुलाई 2025 को कथित शराब घोटाला और मनी लॉनड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। इसके बाद सितंबर 2025 में एसीबी और ईओडब्ल्यू ने भ्रष्टाचार के एक अन्य मामले में उन्हें जेल में



ही औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया था। 3 जनवरी 2026 को बिलासपुर हाईकोर्ट ने दोनों मामलों में उन्हें जमानत दे दी। रिहाई के बाद मीडिया से बात करते हुए चैतन्य बघेल ने कहा कि जेल में बिताया गया समय उनके लिए बेहद कष्टदायक रहा, लेकिन इस दौरान उन्हें अकेले रहने और साहित्य पढ़ने का अवसर मिला।

#### कर्तव्य प्रभावी है पिता के ऊपर

खादी-ग्रामोद्योग के अध्यक्ष राकेश पांडे ने कहा कि बेटा तो सबको प्यारा होता है। सत्य पराजित नहीं होता ये पिता के बोल है। कानून अपना कार्य कर रहा है। निश्चित तौर पर पिता प्रभावी हैं कर्तव्य के ऊपर।

#### भूपेश बेटे खुद गाड़ी चलाकर बेटे पहुंचे लेने

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल खुद गाड़ी चलाकर अपने बेटे को लेने के लिए पहुंचे। उन्होंने अपनी गाड़ी में बेटे चैतन्य को बैठाया और खुद गाड़ी चलाते हुए भिलाई-3 स्थित अपने निवास पहुंचे। उन्होंने कहा की आज छेरछेरा पुन्नी है, पोते का जन्मदिन है और बेटे की रिहाई हुई है हमारे लिए यह तीनहरी खुशी का दिन है। यह सत्य की जीत है। सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पराजित नहीं होता।

शुभम के मार्ट
शॉपिंग करो खुलके, पैसे बचाओ जमके !
Today Offer

एक्सपोर्ट क्वालिटी
बाजार मूल्य ₹60 प्रति पीस वाले
100% कॉटन
कुशन कव्हर

₹10
प्रति पीस
प्रति व्यक्ति अधिकतम 6 पीस दिया जायेगा

बाजार मूल्य ₹299 से ₹499 प्रति पीस वाले
होजियरी फेब्रिक से बने प्रीमियम क्वालिटी के
ब्रांडेड गर्ल्स
टॉप

3 पीस ₹150
साईज उपलब्धतानुसार प्रति व्यक्ति अधिकतम 2 सेट दिया जायेगा
*condition apply

ऑफर सिर्फ आज के लिये ऑफर स्टॉक रहने तक

शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के पास
जुनवानी, भिलाई
BM फ्युल्स के बाजू में
पोटिया रोड, दुर्ग
मैत्री डेंटल कॉलेज के बाजू में
अंजोरा

## खबर संक्षेप

### मोर मकान-मोर आस की अंतिम सूची जारी, 24 हितग्राही हुए पात्र




**दुर्ग।** प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान-मोर आस अंतर्गत प्राप्त आपत्तियों और दावों की जांच-परख एवं सुनवाई प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इसके उपरांत पात्र और अपात्र हितग्राहियों की अंतिम सूची प्रकाशित कर दी गई है। नगर निगम प्रशासन ने बताया कि पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सूची को सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया गया है। नागरिक विभागीय वेबसाईट पर ऑनलाइन सूची देख सकते हैं। साथ ही इसकी प्रतियां नगर निगम के मुख्य कार्यालय और डाटा सेंटर स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा में भी चस्पा की गई हैं, जिससे आमजन आसानी से जानकारी प्राप्त कर सकें। इस अवधि में कुल 24 हितग्राहियों को योजना के तहत पात्र माना गया है। अधिकारियों का कहना है कि पात्रता तय करते समय आय, आवासीय स्थिति, दस्तावेज़ों की वैधता तथा योजना के नियमों का कड़ाई से पालन किया गया। अपात्र पाए गए आवेदकों को कारण सहित सूचित किया गया है।

### पोल पर लग रही एलईडी लाइट, मोहल्ले रौशन



**दुर्ग।** नगर पालिक निगम शहर की गलियों और मोहल्लों को रोशन बनाने के लिए नगर निगम ने एलईडी स्ट्रीट-लाइट लगाने का अभियान तेज कर दिया है। नगर निगम के विद्युत विभाग कर्मचारी द्वारा गलियों और मोहल्लों की सड़कों के पोल में लाइट को क्लेम्प से लगाया जा रहा है। कर्मियों द्वारा गलियों व सड़कों के पोल के खंबो में लाइट फिक्स्चर को सीधे खंभे में लगाया जा रहा है। बता दें कि हाल ही में खरीदी गई करीब 1,100 एलईडी लाइटों में से 300 पोल पर लाइटें लग चुकी हैं, जबकि शेष पोल पर कामजारी है। शहर की स्ट्रीट-लाइट व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से महापौर अलका बाघमार एवं प्रभारी और जनप्रतिनिधियों ने स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव से मुलाकात की थी। उनके प्रयासों से 40 लाख रुपये का फंड स्वीकृत हुआ, जिसके माध्यम से एलईडी लाइटों की खरीदी की गई। नए बसाहट क्षेत्रों सहित पूरे शहर में इंस्टॉलेशन चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है। लाइटें सुरक्षित और टिकाऊ रहें, इसके लिए क्लैम्प की खरीदी प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है और जहां आवश्यक है वहां क्लैम्प लगाकर लाइटें लगाई जा रही हैं। नगर निगम आयुक्त सुमीत अग्रवाल ने कहा कि लक्ष्य है कि अधिकतम पोल पर जल्द से जल्द एलईडी लगाकर शहर को और अधिक रोशन व सुरक्षित बनाया जाए।

# मनरेगा श्रमिकों के लिए 30 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

## मनरेगा अंतर्गत 100 दिवस का कार्य पूर्ण कर चुके श्रमिकों को आत्मनिर्भर बनाने की कवायद

जनपद पंचायत पाटन के ग्राम करसा में प्रोजेक्ट उन्नति के अंतर्गत महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा से जुड़े श्रमिकों एवं ग्रामीण महिला-पुरुषों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने 30 दिवसीय रूरल मेसन राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) द्वारा जनपद पंचायत पाटन के सहयोग से संचालित किया जा रहा है, जिसमें कुल 35 प्रतिभागी ने भाग लिया। यह पहल मनरेगा अंतर्गत 100 दिवस का कार्य पूर्ण कर चुके श्रमिकों को आत्मनिर्भर बनाने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण आवास निर्माण के लिए कुशल राजमिस्त्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रारंभ की गई है।

### सुरक्षा मानकों की दी जा रही जानकारी

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर अनीता चारभे द्वारा प्रतिभागियों को ईंट-पत्थर चिनाई, प्लास्टरिंग, टाइल एवं फर्श बिछाना, छत ढलाई, कंक्रीट मिश्रण, वॉटरप्रूफिंग तथा निर्माण कार्य से संबंधित सुरक्षा मानकों की जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रतिभागियों को अकुशल श्रमिक की श्रेणी में 30 दिवस की मजदूरी राशि भी प्रदान की जाएगी।



### ग्रामीण क्षेत्रों में कुशल राजमिस्त्रियों की बढ़ेगी उपलब्धता

प्रशिक्षण ग्रामीण युवाओं को तकनीकी दक्षता प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार एवं स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में कुशल राजमिस्त्रियों की उपलब्धता बढ़ेगी, जिससे आवास निर्माण की गुणवत्ता एवं गति दोनों में सुधार आएगा और प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रमों को मजबूती मिलेगी। बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) भारत सरकार समर्थित संस्थान है, जो ग्रामीण युवाओं को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण के माध्यम से कौशल विकास, उद्यमिता एवं वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देता है।

## समस्या : 6 महीने से स्ट्रीट लाइट गुल, दुर्घटनाओं का बढ़ा खतरा

# वार्ड में सभी विकास कार्य अधूरे, छह हजार की आबादी हो रही है परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

## संतोषीपारा वार्ड 33 का ऐसा हाल

वार्ड परिक्रमा

नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 33 संतोषी पारा में सड़क और नाला निर्माण के आधे-अधूरे काम लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई विकास कार्य बीच में ही रोक दिए गए। वहीं पिछले छह महीनों से सड़क पर लगी एलईडी स्ट्रीट लाइट भी बंद पड़ी है।

जोन-3 अंतर्गत वार्ड 33 में ओम शांति चौक से छावनी चौक तक लगे ट्यूबलर पोल एलईडी लाइट करीब 6 माह से बंद पड़ा हैं। अंधेरा रहने के कारण इस मार्ग पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। बुजुर्ग और बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। इधर करूणा अस्पताल से गौरव पथ तक 3 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से नाला निर्माण शुरू तो किया गया था, लेकिन काम अधूरा छोड़ दिया गया। बरसात में नाला उफान पर आ जाता है और जलभराव से बाढ़ जैसे हालात बन जाते हैं। लोगों का कहना है कि अगर समय पर काम पूरा नहीं हुआ तो इस वर्ष भी हालात और बिगड़ सकते हैं। मौजी होटल से कैम्पेश्वर बैजनाथ धाम तक नाली निर्माण की मांग भी अधूरी ही पड़ी है। वार्डवासियों के अनुसार नंदिनी रोड से सुमित्रा मांझी के घर तक बन रही सीमेंटीकृत सड़क को ठेकेदार ने करीब एक महीने से अधूरा छोड़ रखा है। लगभग 20 लाख रुपए की लागत वाली यह सड़क अब तक पूरी नहीं हो सकी। डोमशेड निर्माण के बाद यहां होने वाले अन्य काम भी रोक दिए गए हैं। वहीं रवि साहू लकड़ीटाल से मिलन चौक तक सड़क निर्माण की मांग लंबे समय से लंबित है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि वार्ड में विकास कार्यों का ढोल तो पीटा जा रहा है, लेकिन जमीन पर ज्यादातर काम अधूरे पड़े हैं। लोगों ने नगर निगम प्रशासन से जल्द कार्यववाही कर अधूरे प्रोजेक्ट पूरे कराने की मांग की है।





### सड़क निर्माण की मांग



वार्ड निवासी विशाल सेन ने बताया कि रवि साहू लकड़ी टाल से मिलन चौक तक सड़क सालों से जर्जर हालत में है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। उन्होंने कहा कि इस समस्या की कई बार शिकायत की गई, जनप्रतिनिधियों को भी जानकारी दी गई, लेकिन अब तक सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई। इससे बरसात के दिनों में परेशानी और बढ़ जाती है।

### डोमशेड निर्माण कार्य अधूरा पड़ा



वार्ड निवासी विनोद कुमार ठाकुर ने कहा कि महेन्द्रनाथ धाम, नंदिनी रोड के पास करीब 19 लाख रुपए की लागत से डोमशेड का निर्माण कराया जा रहा है, लेकिन इसके साथ बनने वाला मंच और लाइटिंग का काम अधूरा छोड़ दिया गया। चार माह में काम पूरा होना था, लेकिन तय समय बीत जाने के बाद भी निर्माण अधूरा पड़ा है।



### कलेक्टर और निगम आयुक्त को सौंपा गया है ज्ञापन

नाला निर्माण और सड़क निर्माण कार्य को ठेकेदार द्वारा अधूरा छोड़ दिया गया है। वहीं रवि साहू लकड़ीटाल से मिलन चौक तक सड़क निर्माण को लेकर कई बार कलेक्टर और निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा गया है। स्ट्रीट लाइट भी करीब 6 माह से बंद पड़ा है। इन सभी परेशानियों से नगर निगम को अवगत कराया गया है, लेकिन काम अब तक शुरू नहीं हुआ।

एन शैलजा, पार्षद वार्ड 33, संतोषीपारा कैम्प-2

# आज 4 वार्डों में पहुंचेगा मोबाइल मेडिकल यूनिट

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत 4 मोबाइल मेडिकल यूनिट विभिन्न वार्डों में लगाया गया। जिनमें वार्ड 24 आमदी नगर, वार्ड 54 पोटिया, वार्ड 21 शहीद भगत स्कूल, वार्ड 06 ठेठवार पारा शामिल हैं।

मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना (छत्तीसगढ़) शहरी गरीबों के लिए वरदान साबित हो रहा है। मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना शहरी स्लम क्षेत्रों में रहने वाले गरीब एवं जरूरतमंद नागरिकों के लिए एक मजबूत स्वास्थ्य सुरक्षा कवच बनकर उभरी है। इस योजना का उद्देश्य उन वर्गों तक गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है, जो आर्थिक या सामाजिक कारणों से अस्पतालों तक नहीं पहुँच पाते। योजना के अंतर्गत संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्लम क्षेत्रों में नियमित रूप से स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रत्येक एंबुलेंस में डॉक्टर, नर्स, फार्मासिस्ट एवं लैब तकनीशियन की तैनाती की गई है, जिससे मौके पर ही जाँच, परामर्श और दवाओं का वितरण संभव हो सका है। इससे न केवल समय की बचत हो रही है, बल्कि आमजन को इलाज के लिए दूर-दराज नहीं भटकना पड़ रहा। मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के माध्यम से महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों एवं श्रमिक वर्ग को विशेष लाभ मिल रहा है।

# 5 जनवरी को सुबह पानी सप्लाई के बाद लिया जाएगा शट डाउन

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम, दुर्ग क्षेत्र के मालवीय नगर कॉम्प्लेक्स के पास 600 एमएम वाल्व बदली किया जाना है। जिसके लिए 5 जनवरी को सुबह पानी सप्लाई के बाद कार्य कराये जाने के लिए 24 एमएलडी फिल्टर का शटडाउन लिया जाएगा। जिससे टंकियों से संबंधित एरिया में जलप्रदाय प्रभावित रहेगी।

उल्लेखनीय है कि मालवीय नगर शंकर नाला के ऊपर से पटरी पार क्षेत्र व शनिचरी बाजार शंकर नगर गिरधारी नगर टंकियों में पानी भरने राइजिंग लाइन बिछी हुई है जिसमें बड़ा लिकेज है और वहीं पर वाल बदला गया था। जिसके लिए एक पखवाड़ा पूर्व शट डाउन किया गया था, किंतु खुदाई के बाद पाईप लाइन में बड़ा लिकेज होने और समय अभाव के कारण उक्त कार्य पूर्ण नहीं हो पाया था उसी कार्य को अब पूर्ण करने जल गृह विभाग द्वारा पूरी तैयारी के साथ 5 जनवरी को शटडाउन लेकर कार्य कराया जाना है। महापौर अलका बाघमार आयुक्त सुमित अग्रवाल व जलगृह विभाग प्रभारी लीना दिनेश देवांगन ने प्रभावित क्षेत्र के नागरिकों से कहा है कि निगम द्वारा मांग अनुसार एवं आवश्यकता अनुसार प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से जल आपूर्ति की जाएगी।

# 281 उपार्जन केंद्रों में बफर लिमिट से अधिक धान, 25 में 40 हजार क्विंटल से अधिक जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष ने ली प्रबंधकों की बैठक




जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन ने बैंक मुख्यालय के अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें बैंक संचालन से संबंधित प्रमुख मुद्दों धान खरीदी, परिवहन, लिंकिंग वसूली, कालातीत ऋण वसूली एवं किसानों को नगद भुगतान आदि की समीक्षा की गई। बैठक में हदेश शर्मा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, एस.के.निवसरकर वर्ग-1 अधिकारी, कुसुम ठाकुर अतिरिक्त मुख्य पर्यवेक्षक, केके नायक अधीक्षक, राजेन्द्र वारे नोडल अधिकारी बेमेतरा, सीआर रावटे नोडल अधिकारी बालोद उपस्थित रहें। 3 जनवरी की स्थिति में बैंक कार्यक्षेत्र जिला दुर्ग, बालोद, बेमेतरा अंतर्गत कुल 374 उपार्जन केन्द्रों में 12,03,306.64 मे. टन धान खरीदी की जा चुकी है जिसमें से 3,57,165.64 मे. टन धान का परिवहन हुआ है एवं उपार्जन केन्द्रों में 10,81,487 मे. टन धान शेष है। कुल 281 उपार्जन केन्द्रों में बफर लिमिट से अधिक धान है एवं 25 उपार्जन केन्द्रों में 40000 क्विंटल से अधिक धान है।

शाखा प्रबंधकों की बैठक में धान खरीदी में जमीनी स्तर पर आ रही समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। शाखा प्रबंधकों द्वारा अवगत कराया गया कि, उपार्जन केन्द्रों के दैनिक खरीदी लिमिट में पंजीकृत किसानों का उपार्जित धान को निर्धारित समयावधि 31 जनवरी तक विक्रय करने में समस्या उत्पन्न होगी। इस संबंध में खरीदी लिमिट बढ़ाने के लिए शीर्ष कार्यालयों को अवगत कराने की जानकारी दी गई। बैठक में बैंक कार्यक्षेत्र के 73 शाखाओं के शाखा प्रबंधक उपस्थित रहें।

## पाटन विस में विकास कार्यों के लिए 235 लाख की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए पाटन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए 235.64 लाख रूपए (दो करोड़ पैंतीस लाख चौंसठ हजार आठ सौ उनसठ रूपए) की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

पाटन विधायक भूपेश बघेल द्वारा अनुशंसित इन कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत पाटन द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार पाटन क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में विकास कार्यों के लिए राशि आवंटित की गई है।

# पीएम सूर्य घर योजना ने बदली जसदेव सिंह की जिंदगी, अब जीरो आता है बिजली बिल

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- 1.08 लाख रुपए की मिली सब्सिडी

बिजली की बढ़ती मांग की वजह से बढ़ते बिलों से परेशान आम आदमी के लिए प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना किसी वरदान से कम नहीं है। इसका जीवंत उदाहरण पेश किया है जसदेव सिंह जब्बल ने, जिन्होंने न केवल अपने घर को सौर ऊर्जा से रोशन किया है, बल्कि वे अब खुद बिजली निर्माता बन चुके हैं।



जसदेव सिंह ने बताया कि उनके घर में चार किलोवॉट का सोलर पैनल लगे लगभग तीन से चार महीने हो चुके हैं और इसके परिणाम बेहद सुखद हैं। पहले हम बिजली का बिल भरने की चिंता में रहते थे, लेकिन आज हम खुद बिजली बना रहे हैं। घर की जितनी खपत है, उसे सोलर प्लांट अच्छी तरह से पूरा कर रहा है। अब बिजली बिल भरने की जरूरत नहीं पड़ती। जो पैसा पहले बिल में जाता था, वह अब शुद्ध बचत और एक तरह से अतिरिक्त आय है।

योजना के आर्थिक लाभों पर चर्चा करते हुए जसदेव ने बताया कि उन्हें कुल 1 लाख 8 हजार रुपये की सब्सिडी प्राप्त हुई है। इसमें 78,000 रुपये केंद्र सरकार द्वारा और 30,000 रुपये राज्य सरकार द्वारा दिए गए हैं। सब्सिडी के लिए कहीं भटकना नहीं पड़ा। आवेदन के महज एक महीने के भीतर सब्सिडी की राशि सीधे उनके बैंक खाते में क्रेडिट हो गई। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल ने कहा कि हम आज जागरूक होंगे, तो ही हम अपने कल को बचा पाएंगे। सोलर अपनाएं, आत्मनिर्भर बनें। उन्होंने कहा कि जसदेव सिंह ने न केवल अपने घर का बिजली बिल शून्य किया है, बल्कि पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाकर समाज के लिए एक बेहतरीन उदाहरण भी पेश किया है।

## कंकालीन मंदिर के पास मार्ग क्षतिग्रस्त होने पर पैच रिपेयर के निर्देश

# आयुक्त ने दुकानों के दस्तावेज जांच करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- आयुक्त ने सुबह-सुबह वार्डों का किया निरीक्षण

निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने अधिकारियों की टीम के साथ शहर के विभिन्न वार्डों में सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। वार्ड 31 और 32 में निरीक्षण के दौरान आयुक्त सुमित अग्रवाल ने सड़क, नालियों, सार्वजनिक स्थानों और अन्य क्षेत्रों की साफ-सफाई की वास्तविक स्थिति देखी। आयुक्त सुमित अग्रवाल द्वारा वार्ड में पार्षदों की उपस्थिति भ्रमण किया गया। निरीक्षण के मौके पर शनिचरी बाजार बीजेपी कार्यालय के पास बने दुकानों के दस्तावेज जांच करने के निर्देश दिए गए। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने वार्डों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया और कंकालीन मंदिर के पास मार्ग क्षतिग्रस्त होने पर पैच रिपेयर के निर्देश दिए गए। साथ ही राम मंदिर सहेली ज्वेलर्स के पास मवेशियों को हटाने के निर्देश दिए गए। शिक्षक नगर की निर्माणाधीन टंकी का निरीक्षण कर कार्य में तेजी लाने के लिए मजदूर बढ़ाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान सहायक अभियंता गिरीश दीवान, उपअभियंता विनोद मांझी, हरिशंकर साहू, मोहित मरकाम, कर्मशाला अधीक्षक शोएब अहमद, संभव जैन, गौतम साहू सहित सफाई दरोगा और सुपर वाइजर के अलावा अमला उपस्थित थे।

### गंदगी, कचरा न उठाने की शिकायत

निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर गंदगी, कचरा एकत्र होने और समय पर उठाव न होने की शिकायतें मिलीं। इस पर आयुक्त ने संबंधित कर्मचारियों को तुरंत कार्रवाई करने और निर्धारित समय पर सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुबह की सफाई सबसे महत्वपूर्ण है, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



### सड़क किनारे जमा झाड़ियों को कटवाने कहा

आयुक्त सुमित अग्रवाल ने रास्तों के किनारे जमा झाड़ियों को काटने, नालियों की नियमित सफाई कराने और मुख्य मार्गों पर गंदगी न होने देने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने टीम को यह भी कहा कि जिन वार्डों में शिकायतें अधिक मिलती हैं, वहां विशेष निगरानी रखी जाए। इसके साथ ही आयुक्त सुमित अग्रवाल ने वार्ड 31 एवं वार्ड 32 में सड़क अतिक्रमण सहित सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने और भीड़भाड़ वाले स्थानों और गलियों के क्षेत्र में सड़क किनारे ठेलों को हटवाने के निर्देश दिए। दुकानदारों व आस-पास के व्यवसायियों को भी जागरूक किया साथ ही गन्दगी करने वालों से जुर्माना वसूल करने के निर्देश दिए।

जगजीवन आयुर्वेद



धातु की कमी, नामर्दी उत्तेजना की कमी, लिंग में छोटापन, ढीलापन, पतलापन, टाईमिंग की कमी, शुगर से सेक्स में कमी, शुक्राणु की कमी संतान न होना, आदि सभी गुप्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है.

आज ही गारंटी से इलाज कराएँ

शॉप नं. C11, महालक्ष्मी मार्केट, टॉकीज के नीचे, पुलगाँव चौक, दुर्ग
मो. 7869433660, 9399486858

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल कोहका, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**सूचना पत्र**

क्रमांक 127 रा.नि. 2025, कोहका, दिनांक 22/12/2025

प्रति,

1. आवेदक श्रीमती - सीमा देवी आ.सुरेन्द्र ठाकुर निवासी - वृन्दा नगर केम्प -1, भिलाई
2. ध्रुव कुमार, 3. उषा यादव

विषय : सीमांकन / स्थल जांच के संबंध में सूचना बाबत।

ग्राम कुरुद प.ह.नं. 46. रा.नि.मं. कोहका, तहसील व जिला- दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 214/7 रकबा 0.025 हे. का सीमांकन/ स्थल जांच हेतु न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर / अधीक्षक भू-अभिलेख / सिविल न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर / अधीक्षक भू अभिलेख शाखा दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 8 दिनांक 17/12/25 के परिपालन में दिनांक 09/01/2026 को समय 11 से 5 बजे के बीच में सीमांकन /स्थल जांच किया जाना है।

अतः आप सभी हितबद्ध पक्षकार अपने दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित होवे, बाद आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

राजस्व निरीक्षक
कोहका

## खबर संक्षेप

### आधार सुधार शिविर का लाभ उठाया ग्रामीणों ने



**अंडा।** ग्राम पंचायत भोथली में आधार कार्ड सुधार एवं आधार अपडेट करने के लिए एक दिवसीय शिविर का आयोजन जिला पंचायत सदस्य आशा विक्की मिश्रा एवं जनपद सदस्य दामिनी मुकेश साहू के मार्गदर्शन में किया गया। यहां काफी संख्या में ग्रामीणों ने उपस्थित होकर अपना आधार सुधार कराया।

### सरपंच ने स्कूल को भेंट की 50 नग थाली



**उतई।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बोरीगारका संकुल पाऊवारा में सरपंच चुम्मन यादव ने छात्र-छात्राओं को 50 नग थाली भेंट की तथा सभी छात्र छात्राओं को मिठाई खिलाकर नववर्ष की बधाई दी। इस योगदान के लिए प्रधान पाठक तेजस्वी गावड़े ने सरपंच का आभार प्रगट किया। इस अवसर पर शिक्षक राजेश गजपाल ,डॉ.दिनेश्वरी साहू, देशमुख, चन्द्राकर, प्रेमलाल व गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### नेवता भोजन, बच्चों के चेहरों पर दिखी खुशियां



**अंडा।** नववर्ष के शुभ अवसर पर शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला चंदखुरी में नेवता भोजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भूपेन्द्र साहू एवं सदस्य सुशील देवांगन के सहयोग से बच्चों को दाल-भात एवं मीठी खीर परोसी गई।

इस अवसर पर बाबूराय साहू (प्रभारी प्रधानाध्यापक), शिक्षक संतोष शर्मा, पुष्पलता गजेन्द्र, योगेश्वरी हरमुख, संकुल समन्वयक त्रिभुवन देशमुख, पूर्व प्रधान पाठक दुष्यंत चंद्राकर, राधेलाल सोनी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### निधन

### हाजी मोहम्मद बशीर

**भिलाई।** तालपुरी निवासी हाजी मोहम्मद बशीर का शनिवार को इंतक़ाल हो गया।



उनकी अंतिम यात्रा ब्लॉक ए, रोज़ 273 तालपुरी से 04 जनवरी इतवार को दोपहर 12:30 बजे हैदर गंज मुस्लिम कब्रिस्तान , कैंप-1 के लिए रवाना होगी। जहां बाद नमाजे जुहर दोपहर 2 बजे उन्हें सुपुर्दे खाक किया जाएगा। वे अपने पीछे दो बेटों बीएसपी के रिटायर अफसर एमआरके शरीफ, एमएआर शरीफ और बेटी आलिया परवीन सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

# चैतन्य का समर्थकों ने ढोल नगाड़े और पुष्प हार से किया आत्मीय स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल का 170 दिन बाद जेल से जमानत पर रिहाई हुई है। घर लौटने के दौरान उनका काफिला कुम्हारी पहुंचा जहां उनके समर्थकों एवं कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने चैतन्य बघेल का जोरदार स्वागत किया।

बड़ी संख्या में स्टेशन चौक पहुंचे समर्थकों ने 'सत्यमेव जयते' के नारे लगाए कांग्रेस पार्टी का झंडा लहराते हुए 'सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं' की बात कही। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत, पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर,



ओमनारायण वर्मा, लेखराम साहू, मनहरण यादव, महेश सोनकर, डिकेन्द्र साहू, विकास सोनकर, श्रीमती जानकी ध्रुव, रीना साहू, लक्ष्मीकांत मारकंडे, सुनील शुक्ला, थानेश्वर यदु, ओम यादव, विजय वर्मा, देवेंद्र साहू, फुसनु कुर्रे, राजू राव, प्रकाश गज्जर, रामकुमार चक्रधारी, युवराज साहू एवं सूरज कुर्रे सहित बड़ी संख्या में समर्थक उपस्थित रहें।

### रिहाई की खुशी में शामिल हुए कांग्रेसी



**पाटन।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सुपुत्र चैतन्य बघेल की रिहाई को कांग्रेसियों ने सत्य की विजय बताया है। जिप दुर्ग के पूर्व उपाध्यक्ष अशोक साहू ने कहा कि सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सत्य मेव जयते कहा। इस दौरान दिनेश साहू सदस्य जप,कौशल चंद्राकर,देवकुमार निषाद अध्यक्ष तहसील निषाद समाज,अजय साहू सदस्य जप,भेष आठे जोन प्रभारी,उमाकांत चंद्राकर,रूपचंद साहू,रूपेंद्र शुक्ला महामंत्री,छोटू बघेल,कमलेश नेताम,सोहन जोशी,विष्णु चंद्राकर,लुल्ली चक्रधारी, प्रेमप्रकाश पांडे नगर पचायत नेता प्रतिपक्ष आभाष दुबे ,पुरुषोत्तम कश्यप, मनोज कुर्रे ,गोपाल देवांगन मनीष देवांगन ,तरुण बिजोरा ,,भविष्य जैन,रिखी नारंग,कपूर साहू,रिवान सिन्हा,प्यारेलाल भारदीय,राजा चंद्राकर,ईश्वर निषाद,संतोष पटेल,भोज रघुवंशी,लोकेश सिन्हा,धनीराम सिन्हा,होमेश साहू,नीलकंठ शुक्ला,भीरेंद्र साहू,नारायण निषाद,चंद्रभान साहू,रोहित ठाकुर,ढालसिंह साहू,मनीष पटेल,देवेंद्र गेडाम,शिवकुमार साहू सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पर्व परंपरा : अंचल में छेरछेरा पर्व की धूम

# दान मांगते बच्चों की टोली पहुंची घरों में, बड़ों ने भी भर दी झोलियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अंडा, चिंगरी, निकुम, खाडा, रूदा,भोथली, विनायकपुर, आलबरस कुथरेल, अछोटी, भरदा, चंदखुरी, जंजगिरी, सहित पुरे ग्रामीण अंचल में छत्तीसगढ़ का पारंपरिक लोकपर्व छेरछेरा बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। यह पर्व छत्तीसगढ़ में दान का महापर्व माना जाता है, जो लोक संस्कृति, नई फसल और सामूहिक जीवन मूल्यों का प्रतीक है। धान की कटाई पूर्ण होने तथा खलिहान से अनाज घर आने की खुशी में मनाया जाने वाला यह उत्सव ग्रामीण जीवन का एक अभिन्न और महत्वपूर्ण हिस्सा है। छेरछेरा पर्व के अवसर पर गांव में डंडा नृत्य, पारंपरिक लोकगीतों की गूंज और सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। सुबह से ही ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला। बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग सभी ने मिलकर इस पर्व में भाग लिया, जिससे गांव का वातावरण पूरी तरह से लोक रंग में रंग गया। इस अवसर पर आशा सुरेश साहू ने कहा कि “छेरछेरा पर्व भारतीय समाज में दान, सहयोग और एकता की भावना को सशक्त करता है। यह पर्व छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर का अभिन्न हिस्सा है, जो हमें आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश देता है।” उन्होंने आगे कहा कि यह पर्व केवल किसानों के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए सामूहिकता और मानवता का प्रतीक है। छेरछेरा पर्व के माध्यम से ग्रामीण अपने घरों से अन्न का दान कर जरूरतमंदों की सहायता करते हैं, जिससे समाज में कोई भूखा न रहे की भावना सुदृढ़ होती है। यही कारण है कि यह पर्व आज भी ग्रामीण अंचलों में पूरी आस्था और परंपरा के साथ मनाया जाता है। कुल मिलाकर, ग्राम भोथली में मनाया गया छेरछेरा पर्व छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, दानशीलता और सामाजिक एकता का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया।

### स्कूली बच्चों ने घर-घर जाकर छेर-छेरा दान पर्व का विरासतमय दिया संदेश



**जामगांव आर।** छत्तीसगढ़ की दान संस्कृति से ओत प्रोत छेरछेरा का पावन पर्व गांव गांव में शनिवार को छेरिक छेरा छेर मरकनीन छेर छेरा माई कोठी के धान ला हेर हेरा,,,,की सुमधुर सामूहिक आवाज स्कूली बच्चों की गूंजने लगी।,ग्रामीण बिस्कुट चाकलेट सिक्का धान अनाज दान स्वरूप देने के लिए तैयार रहे। बच्चो की टोली घर दुकान के सामने पहुंचते ही दान लेकर अगले घरों की ओर बढ़ते हुए गांव के प्रत्येक घर में दस्तक दिए। विदित हो कि इस पर्व दिवस पर किसी भी घर से कोई खाली हाथ नहीं लौटाया जाता।

यथायोग्य दान दिया ही जाता है। शिक्षाविद छन्नूलाल साहू ने बताया कि हमारे पूर्वज किसान धान फसल मिंजाई करके घरों में निर्मित कोठी में भर लिया करते थे।इसके बाद अपनी मेहनत की कमाई में से दान प्रवृति को विकसित करने के लिए छेरछेरा पर्व की स्थापना कर लोगों में दान धर्म का संचार किए। पहले गांव के बच्चे बुजुर्ग बेझिझक घर घर छेर छेराने जाते थे अब जमाने की बदलती तासीर के अनुसार स्कूली बच्चों ने इस पर्व पर घर घर जाने का कमान संभाल रखी है बुजुर्गों की संख्या घटते जा रही है। शनिवार स्कूलों में अवकाश के होने कारण गांवों में बड़े सबेरे से ही बच्चे झोला थैला पकड़कर निकल पड़े थे। छेर छेरा दान में बिस्कुट चाकलेट मिलते ही चलते चलते खाने का अद्भुत आनंद बच्चो ने लिया और आपस में बात करने लगे एकत्र रुपए पैसे से शनिवार जामगांव आर मंडाई में झूला झूलेंगे। सभी स्तर के बच्चों ने बड़े खुशनुमा वातावरण में छेर छेरा का पर्व मनाया और घर घर जाकर पूर्वजों से विरासत में मिली महान दान पर्व का संदेश दिया।

### नवागांव की गलियों में गूंजा छेर-छेरा



**जामगांव आर ।** नवागांव की गलियों में छत्तीसगढ़ के दान पुन तिहार छेरछेरा को बड़े जोश से मनाया गया छोटे बच्चों,लड़कियों, युवा और बड़े टोलियाँ बनाकर 'छेरछेरा, माई कोठी के धान ल हेर हेरा!' के नारे लगाते हुए घर-घर जाकर धान, चावल या पैसे दान लेते हुए आगे बढ़ते रहे। उपसरपंच छगनलाल साहू ने बताया कि यह पर्व नई फसल, दान-पुण्य और सामाजिक समरसता का प्रतीक है, जिससे हर तरफ उत्साह का माहौल रहता है। अभिषेक सेन ने कहा कि गली में छेरछेरा के दिन हर तरफ अन्नदान की धूम और 'छेरछेरा' की गूंज सुनाई देती है, जो छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा को दर्शाती है। मनीष कुमार,धैर्य साहू, दुष्यंत साहू, जीतेश्वर साहू, वासु,चंद्रकांत,विधाशंकर साहू,गोपाल ठाकुर, दीपिका साहू,लक्ष्मी,चंचल,ओजस्वी, तृप्ति, तन्मय सहित ग्रामीणों ने पर्व मनाया।

### गली मुहल्ले में छेर-छेरा की धूम



**सेलूद।** 'छेर छेरा, माई कोठी के धान ला हेर हेरा' की गूंज गांव-गांव में रही। शास्त्री चौक सेलुद के विद्यार्थी मीत साहु ने बताया कि पहले हम लोग इस दिन स्कुल ही नहीं जाते छुट्टी मार देते थे। पढ़ाई तरफ ध्यान भी रहता था तो पुर्ण मनोयोग से यह त्योंहार नहीं मना पाते थे।कुछ हमारे साथी सुबह एक घंटे छेरछेरा मांगने के बाद स्कुल चले जाते थे। लेकिन स्कुल और छेरछेरा त्योंहार मनाने के बीच मन रहता था।लेकिन इस वर्ष छुट्टी देने से पुरे मनोयोग से छेरछेरा त्योंहार मना रहे है।

## अंचल की खबरें

### क्रिकेट प्रतियोगिता में कसही चैंपियन



**जामगांव आर।** दरबार मोखली में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में बीस टीमों ने भाग लिए, प्रतियोगिता के सभी मैच चुनौतीपूर्ण रहे। सेमीफाइनल में झीट और भरर एवं कसही और देवादा के बीच मुकाबले हुए। फाइनल में भरर और कसही की टीम पहुंची जो बेहद रोमांचक रहा। मैच में कसही ने भरर को पराजित करके चैम्पियन बना। लायंस क्रिकेट क्लब कसही के कप्तान सुनील नायक, उपकप्तान केवल साहू एवं आकाश वर्मा के संयुक्त नेतृत्व में कार्यक्रम सफल रहा।कप्तान सुनील नायक ने बताया कि फाइनल में ग्राम भरर को छह रन से हराकर कसही ने प्रथम स्थान प्राप्त कर, चैम्पियनशिप ट्रॉफी एवं 15000/- रुपए पुरस्कार सम्मान प्राप्त करने में कामयाब रहे। फाइनल विजेता टीम में उपकप्तान केवल साहू प्रकाश वर्मा, बेस्ट कीपर,केंवल यादव बेस्ट बालर,जय प्रकाश,आकाश वर्मा, मिहिर वर्मा धनीराम यादव,सुजल धुरंधर एवं जीतू यादव का योगदान सराहनीय रहा।ग्राम के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ।

### विद्यार्थियों में प्रतिभाओं की कमी नहीं : दिनेश



**पाटन।** शासकीय हाईस्कूल भंसूली में आनंदमेला का भव्य आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि दिनेश साहू सदस्य जप थे। अध्यक्षता सरपंच भगवती मुकेश साहू ने की। विशेष अतिथि अशोक साहू पूर्व उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग, नेतराम साहू अध्यक्ष ,यशवंत साहू सरपंच जरवाय, पद्मभूषण साहू उपसरपंच, गैंदलाल डहरिया पूर्व जनपद पंचायत , नीलमणि साहू पूर्व सरपंच,महेंद्र हिरवानी सहित अन्य प्रतिनिधियों ने मां सरस्वती एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पूजा अर्चना माल्यार्पण पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य दिनेश साहू ने कहा कि विद्यार्थियों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं होती,उसको अपनी लगन,मेहनत से अपने लक्ष्य की प्राप्ति होती है। स्वागत उद्बोधन प्राचार्य उषा चंद्राकर ने किया। इस दौरान दिनेश साहू महामंत्री,मुकेश साहू,राकेश साहू, किशोर साहू,डा हेमंत साहू,बिसहत निर्मल,डागेन्द्र साहू,डिगेश्वरी साहू, नंदकुमार साहू,ठाकुर यादव, ओंकार देवांगन, गजेंद्र सेन,अरुण साहू, महेंद्र ढीमर, खुमान साहू, शिक्षक धर्मेंद्र सिन्हा, खिलाड़ी डहरिया, धर्मेंद्र साहू, रियांजना देवांगन, लक्ष्मीनारायण देवांगन शिक्षकगण, पालकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### हर घर स्वदेशी अपनाने निकाली रैली




**कुम्हारी।** भारतीय जनता पार्टी कुम्हारी मंडल के द्वारा आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत घर-घर स्वदेशी हर घर स्वदेशी अपनाओ के संबंध में रैली निकाली गई। इस कार्यक्रम के प्रभारी गिरीश साहू दुर्ग जिला भारतीय जनता पार्टी, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कुम्हारी श्रीमती मीना वर्मा , वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश पाण्डेय , मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा , गीता निर्मलकर मंडल मंत्री, नीलम बंजारे, भावना बंजारे, राधा ठाकरे, योगिता वर्मा मंडल मंत्री, पिंकी सील, इंद्रा कोसरिया उपाध्यक्ष, रीता पाण्डेय , रागिनी निषाद पूर्व पार्षद, साधना स्वर्णकार, जूली सिंह, सुनीता कुर्रे, प्रभा बंजारे, हिमांशु पाण्डेय, उमेश साहू, तेजनारायण तिवारी, पुनेश साहू, राजकुमार सिंह, हरीदास वैष्णव पार्षद, लोकेश साहू पार्षद, नारायण सोनकर महामंत्री, किसान नेता गोल्डी गोस्वामी , रामाधार शर्मा , सुमित द्विवेदी, देवेंद्र साहू, फिगेश्वर साहू उपाध्यक्ष, आर प्रवीण राव पार्षद, रूपेश साहू, वीरेंद्र सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज वर्मा, वरिष्ठ नेता , इमरान रिजवी उपाध्यक्ष, अश्विनी देशलहरे पार्षद, डिकेश पटेल पार्षद ,ओंकार प्रसाद मार्कण्डेय एवं रामप्रकाश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मनाई नए साल की खुशियां




**उतई।** ग्राम पंचायत डूमरडीह के वार्ड क्रमांक 18 में मोहल्ला वासियों ने एक साथ मिलकर केक काटकर नया साल मनाया। सबसे पहले सभी मिलकर छत्तीसगढ़ी गानों पर खूब नाचे उसके बाद छोटे छोटे बच्चों को केक कटवाकर एक दूसरे को नववर्ष की बधाई दी। इस अवसर पर संजू यादव, खेमिन यादव ,किशोर यादव, लक्ष्मी यादव,रेखा यादव,हिमांशु यादव,जिज्ञासा सोनवानी,युवांश सोनवानी,ईश्वर सोनवानी,आशा सोनवानी, लेखराम सोनवानी,अनूपा सोनवानी ,शिल्पी यादव,पप्पू यादव,रमाकांत यादव,वंदना यादव,सिया यादव और गीता यादव उपस्थित रहे।


## बिजनेस साइट

### अग्निशमन व औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10वीं, 12वीं व स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता



10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है। मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत एफएसडीएमआई भिलाई मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है। फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है। साथ ही फायर एवं सेफ्टी आफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं। अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है। संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (डीआरडीओ), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है। संस्था एफएसडीएमआई भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है। जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकलो प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएना प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (एससी, एसटी, ओबीसी, जनरल) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी।


# डॉक्टर और प्रबंधक के विरुद्ध मामला दर्ज होने पर पीड़ित पक्ष ने जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

धमधा थाना क्षेत्र अंतर्गत श्रेया अस्पताल में इलाज के दौरान एक महिला की मौत के मामले में जुर्म दर्ज होने पर पीड़ित पक्ष ने आभार जताया है। पुलिस ने इस प्रकरण में अस्पताल के डॉ. अभिषेक पांडे और प्रबंधक मनीष राजपूत के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

मामले को लेकर मृतक महिला के परिजन चिरंज वर्मा और राजेंद्र वर्मा ने न्याय की लड़ाई में सहयोग के लिए किसान बंधु संगठन धमधा ब्लॉक का आभार व्यक्त किया है। परिजनों ने कहा कि संगठन के प्रयासों से ही यह मामला प्रशासन तक पहुंच सका। इस बीच स्थानीय अधिवक्ताओं ने पुलिस द्वारा दर्ज धाराओं पर गंभीर आपत्ति जताई है। वकीलों का कहना है कि इस प्रकरण में मामूली धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है, जबकि यह मामला छत्तीसगढ़ चिकित्सा सेवा संस्थान (नियमन तथा नियंत्रण) अधिनियम, 2010 के तहत गंभीर आपराधिक लापरवाही की श्रेणी में आता है।

अधिवक्ताओं के अनुसार, अधिनियम की धारा 13 में स्पष्ट प्रावधान है कि यदि किसी उपचारगृह या क्लिनिकल संस्थान द्वारा लापरवाहीपूर्ण उपचार से मरीज की हालत बिगड़ती है या मृत्यु होती है, तो संबंधित संस्था का लाइसेंस रद्द करने के साथ-साथ दंडात्मक कार्रवाई और आर्थिक दंड का प्रावधान है। वहीं, बिना



■ किसान बंधु संगठन के आंदोलन के बाद बड़ी कार्रवाई

पर्याप्त संसाधन, डॉक्टर और जीवन रक्षक उपकरणों के मरीज को रेफर करना भी की अधिनियम का सीधा उल्लंघन है। वकीलों का यह भी कहना है कि इस मामले में धारा 7(1) के अंतर्गत भी अपराध बनता है, जिसमें पीड़ित पक्ष को सक्षम प्राधिकारी के समक्ष शिकायत और आपराधिक कार्रवाई का अधिकार दिया गया है। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि गंभीर धाराएं नहीं जोड़ी गईं, तो न्यायालय की शरण ली जाएगी।

किसान बंधु संगठन धमधा के संयोजक बाबा टेक सिंह चंदेल के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों ने उच्च स्तरीय जांच की मांग को लेकर लगातार ज्ञापन और प्रदर्शन किए। जनदबाव और जांच अधिकारियों की रिपोर्ट के आधार पर कलेक्टर ने श्रेया अस्पताल का लाइसेंस संबंधित धाराओं के तहत निरस्त कर दिया।




## खबर संक्षेप



### सेवानिवृत्त को विदाई के साथ नए कर्मियों का हुआ स्वागत

सेलुद। आयुष्मान आरोग्य मंदिर सेलुद में समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सेलुद सेक्टर में कार्यरत अमरीका देशलहरे की सेवानिवृत्त, सैय्यद रिजवान अहमद के अन्यत्र स्थानान्तरण, गीता रामटेके की पदोन्नति और सेलुद सेक्टर में आने वाले नये कर्मचारी यामिनी मारकंडे, राधिका देवांगन और ममता चंद्राकर का स्वागत किया गया। बी एम ओ पाटन भुवनेश्वर कठौतिया ने टीम की सदस्य श्रीमती देशलहरे की सेवानिवृत्त उनके कार्यों और समर्पण का उल्लेख किया। सेक्टर अधिकारी वंदना शर्मा नेत्र सहायक अधिकारी योगैया बंडी ने भी संबोधित किया। मनोरमा बंछोर ने विदाई गीत प्रस्तुत किया । नारियल शाल व उपहार भेंट कर सभी सम्मान का सम्मान किया गया। संचालन खेलेन्द्र कुर्रे व आभार प्रदर्शन बसंत साहु ने किया। इस अवसर पर सेक्टर प्रभारी वंदना शर्मा, सेक्टर सुपरवाइजर आर एस शांडिल्य ,राधिका देवांगन, सीएचओ जायसी, आरएचओ बसंत साहू, खेलेंद्र कुर्रे, विष्णु देवांगन, तालसिंह ठाकुर, मनोरमा बंछोर ,मधु साहू,प्रीति वर्मा,वंदना चौधरी, संतोषी देवांगन, यामिनी मारकंडे, मधु साहू,ममता चंद्राकर, लाभेश्वरी यदु, रमा साहू,भावना, रूबी वर्मा आदि मौजूद थे।

### डीपीआई उपसंचालक ने दुर्ग जिले के प्राचार्यों और बीईओ की ली क्लास

# कमजोर सरकारी विद्यालयों को जिला और ब्लॉक स्तर के अधिकारी लेंगे गोद

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

अर्द्धवार्षिक परीक्षा और पिछली बोर्ड परीक्षा में कमजोर प्रदर्शन करने वाले सरकारी विद्यालयों में गुणात्मक सुधार की कार्ययोजना बनी। शनिवार को डीपीआई उपसंचालक आशुतोष चावरे ने दुर्ग जिले के प्राचार्यों व ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों की बैठक ली। जिन विद्यालयों का रिजल्ट कमजोर हैं उन्हे पटरी पर लाने के लिए जिला स्तर और ब्लॉक स्तर के अधिकारी गोद लेंगे।

जिले के जिले के कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा परिणाम न केवल मात्रात्मक रूप से बल्कि गुणात्मक रूप से बेहतर हो, इसके लिए क्या रणनीति होनी चाहिए, इन मुद्दों पर रणनीति बनाई गई। बैठक में मेरीटोरियस बच्चे एवं कमजोर बच्चों के परीक्षा की तैयारी के संबंध में विशेष फोकस किया गया। प्राचार्यो को निर्देशित किया गया कि कक्षा 10वीं एवं 12वीं के चिन्हांकित कमजोर बच्चों के लिए मेन्टॉर शिक्षक नियुक्त करें। जो विद्यार्थियों के बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए उत्तरदायी होंगे और प्राचार्य स्वयं भी इन मेन्टॉर शिक्षकों के कार्यो का नियमित मॉनिटरिंग करेंगे।

## राज्यस्तर पर दुर्ग जिले के विद्यार्थियों को लाने की कवायद





### तृतीय श्रेणी में कम हों बच्चे

डीपीआई उप संचालक चावरे ने कहा कि शत-प्रतिशत विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हो तथा तृतीय श्रेणी में न्यूनतम बच्चे हो इस हेतु किस प्रकार कार्ययोजना बनाया जाये तथा उसका क्रियान्वयन किस प्रकार किया जाना है यह बताया गया। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा ने बताया कि जो तिमाही व अर्द्धवार्षिक परीक्षा में फेल हो गए हैं या किसी तरह पास हुए हैं ऐसे बच्चों का चिहांकन करने कहा गया है। इन बच्चों का अलग-अलग समूह बनाकर परीक्षा की तैयारी शिक्षक करवाएंगे ताकि वे उत्तीर्ण हो।

### जिले को टॉप थ्री का लक्ष्य

दुर्ग जिले को 2026 बोर्ड परीक्षा परिणाम में राज्य के टॉप 3 जिलों में शामिल करने का लक्ष्य भी निर्धारित किया गया। इसके लिए जिन विद्यालयों में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी है उन विद्यालयों में समीपस्थ विद्यालय के शिक्षकों से सहयोग लेंगे। इसके लिए सभी प्राचार्यो को हिदायत दी गई । बोर्ड विद्यार्थियों को ऑनलाइन कोचिंग की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए जिला स्तर एक वाट्सएप भी ग्रुप तैयार करने की जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा ने दी।

### प्रत्येक प्रश्न को हल करने के गुर सिखाएंगे शिक्षक

बैठक में अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणाम की समीक्षा की गई जिसमें कुछ प्राचार्यो ने बताया कि प्रश्नों को हल करने में समय प्रबंधन की जानकारी विद्यार्थियों को नहीं होने के कारण बहुत से विद्यार्थी प्रश्नों का उत्तर जानने के बावजूद हल नहीं कर पाते है जिस पर उपसंचालक श्री चावरे के द्वारा प्रत्येक प्रश्न को कितने देर में हल किया जाना चाहिए इस आशय का समय प्रबंधन सारिणी तैयार कर विद्यालयों को उपलब्ध कराने का निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिया गया।शिक्षक विद्यार्थियों को निर्धारित समय में प्रश्न हल करने के गुर सिखाएंगे।

### टीचिंग मटेरियल से परीक्षा परिणाम होंगे बेहतर

जिले के विद्यालयों में परीक्षा परिणाम पिछले साल से बेहतर बनाने पर मंथन हुआ। बोर्ड परीक्षार्थियों को टीचिंग मटेरियल उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा 5 वर्ष के प्रश्न पत्रों को हल कराने पर जोर दिया गया। इस के साथ–साथ नियमित लेखन अभ्यास भी कराने को कहा गया है। सब्जेक्ट स्पेशलिस्ट टीचर द्वारा ऑडियो-वीडियों के माध्यम से बोर्ड परीक्षार्थियों की तैयारी करवाई जानी है। विद्यार्थी सब्जेक्ट को लेकर कोई भी डाउट्स होंगे उसे स्पेशलिस्ट टीचर बताएंगे।

# नशा मुक्ति केन्द्र में नशे का खेल, रंगे हाथ युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में नशा मुक्ति कार्यक्रम की आड़ में नशे का खेल एक बार फिर सामने आया है। लगातार मिल रही शिकायतों के बीच शनिवार को एक युवक को नशीली दवा लेकर अस्पताल से बाहर निकलते समय लोगों ने रंगे हाथों पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। मामले में ओएसटी सेंटर की कार्यप्रणाली, निगरानी व्यवस्था और जिम्मेदारी तय करने को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल परिसर नशामुक्ति केन्द्र के चलते नशेड़ियों के ठिकाने में तब्दील हो चुका है। दूर-दूर से लोग यहां नशे की दवा लेने पहुंचते हैं और दवा खाने की वजह इसे अपने इंजेक्शन के माध्यम से शरीर में इंजेक्ट कर रहे हैं। शनिवार को एक युवक के पास से चार एविल इंजेक्शन और एक पुड़िया में ओएसटी पाउडर मिला। आरोप है कि यही दवा अस्पताल के अंदर मरीजों को खिलाई जाती है, लेकिन इसे बाहर लाकर बेचा जा रहा है।

### रायपुर से आए अधिकारी ने मूंद ली आंखें

घटना के समय रायपुर से अतिरिक्त परियोजना संचालक डॉ. खेमराज सोनवानी ओएसटी सेंटर का निरीक्षण करने पहुंचे थे। उनके सामने ही एक नशे का आदी युवक ओएसटी सेंटर से दवा लेकर बाहर निकलते पकड़ा गया, लेकिन उन्होंने उस पर ऐक्शन लेने की जगह अपनी आंखें बंद कर लीं। जब उनसे पूछा गया तो उन्होंने जानकारी नहीं होने की बात कहते हुए अपने स्टॉफ को क्लीन चिट दे दी।

### नशा मुक्ति सेंटर पर उठे सवाल

ओएसटी नशा मुक्ति सेंटर को लेकर उठ रहे आरोपों के बीच अतिरिक्त परियोजना संचालक ज्वाइंट डायरेक्टर डॉ. खेमराज सोनवानी ने साफ कहा है कि अस्पताल से नशे की दवा बाहर बेचे जाने की बात तथ्यहीन है। उनके अनुसार उस दिन करीब 253 लोगों को नशामुक्ति की दवा वितरित की गई। डॉ. सोनवानी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान दवा का स्टॉक सही पाया गया और रजिस्टर व रिकॉर्ड में किसी तरह की गड़बड़ी नहीं दिखी। जब उनसे यह पूछा गया कि अस्पताल की दवा बाहर जा रही है और नशेड़ी उसे इंजेक्शन के

### भाजपा नेत्री ने पकड़ा नशा करते खुलेआम

लगातार मिल रही शिकायतों के चलते शनिवार को भाजपा नेत्री स्वीटी कौशिक कार्यकर्ता लक्ष्मण वर्मा, अनुपमा शुक्ला, सुगंधी सोनी, रामचन्द्र, सरोज सिंह के साथ निरीक्षण के लिए पहुंचे। इसी दौरान एक नशेड़ी युवक ओएसटी सेंटर से दवा का पाउडर और एविल इंजेक्शन लेकर बाहर निकलते पकड़ा गया। बाद में उसे अस्पताल के अंदर ले जाकर डॉक्टरों के समक्ष और सुपेला पुलिस के हवाले किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इसे लेकर भाजपा नेताओं ने जमकर बवाल किया।

# वाजपेयी के बताए हुए मार्ग और आदर्शों को आत्मसात कर जीवन को बनाए सार्थक

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग




भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में दुर्ग शहर विधानसभा स्तरीय अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक की अध्यक्षता में की गई। मुख्य वक्ता कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव सहित सहवक्ता भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य बृजेश ब्रिजपुरिया, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक थे। वक्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर प्रकाश डाला और अटल बिहारी के बताए हुए मार्ग पर चलकर अपने जीवन को सार्थक और राष्ट्र को समर्पित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के पश्चात अटल बिहारी के जीवन पर आधारित चित्रों की प्रदर्शनी का अवलोकन उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने किया।

मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि बड़े सौभाग्य का विषय है कि आज हम छत्तीसगढ़ महतारी की जय बोल रहे हैं, उसको दिलाने का श्रेय पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को जाता है। अटल जी के नाम से एक हंसमुख कवि का व्यक्तित्व नजर आता है।

जब एक चुनाव में भारतीय जनता पार्टी से दो सांसद चुनकर आए थे तब उन्होंने कार्यकर्ताओं के लिए अपने संबोधन में कविता के माध्यम से कहा था कि छोटे मन से कोई बड़ा नहीं होता, टूटे मन से कोई खड़ा नहीं होता। छत्तीसगढ़ निर्माण से पहले रायपुर में स्प्रे शाला मैदान पर छत्तीसगढ़ से कोने-कोने के लोग पहुंचे थे। जहां उन्होंने आह्वान किया था कि आप मुझे छत्तीसगढ़ की सभी लोकसभा की सीट जीत कर दे और मैं आप सभी को छत्तीसगढ़ राज्य दूंगा। मंत्री गजेन्द्र यादव ने स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के बताए हुए मार्ग और आदर्शों को आत्मसात कर जीवन को सार्थक बनाने की बात कही।

पूर्व जिलाध्यक्ष बृजेश ब्रिजपुरिया ने कहा कि छत्तीसगढ़ के निर्माता अटल बिहारी बाजपेयी भारतीय राजनीति के ऐसे नायक थे जो आने वाली पीढ़ियों को अपने कृतित्व से प्रेरित करते रहेंगे। सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि जन्म सती के पावन अवसर पर समूचा राष्ट्र श्रद्धा कृतज्ञ और गौरव के साथ उनके पुण्य स्मरण कर रहे हैं। यह जन्म सती केवल महान व्यक्तित्व की स्मृति नहीं बल्कि भारतीय लोकतंत्र राजनीति और सांस्कृतिक मूल्यों की उज्जवल परंपरा का उत्सव है। जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने आगे कहा कि अटल जी एक संवेदनशील कवि ओजस्वी वक्ता प्रखर विचारक भी थे।

# बीएसपी की टीम स्पर्श ने जीता पार एक्सीलेंस अवार्ड



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के अंतर्गत संचालित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र की क्वालिटी सर्किल टीम स्पर्श ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ग्रेटर नोएडा में आयोजित क्वालिटी सर्किल नेशनल कन्वेंशन में पार एक्सीलेंस पदक प्राप्त कर बीएसपी का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया।

इस उपलब्धि पर 2 जनवरी को जेएलएन चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी कार्यालय में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह के दौरान टीम स्पर्श के सदस्यों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ. विनीता द्विवेदी को पार एक्सीलेंस ट्रॉफी भेंट की। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर, डॉ. उदय कुमार एवं महाप्रबंधक (रखरखाव और सेवाएं) शाहिद अहमद विशेष रूप से उपस्थित थे।

### इसलिए मिला सम्मान

टीम ने प्रतियोगिता के दौरान जे.एल.एन. चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र में नेबुलाइज़र मशीन के प्रभावी एवं बार-बार सफल उपयोग विषय पर एक प्रभावशाली केस स्टडी प्रस्तुत की, जिसे निर्णायकों द्वारा अत्यंत सराहा गया। इस अध्ययन के अंतर्गत श्वास संबंधी रोगों के उपचार हेतु ऑक्सीजन सप्लाई आधारित नेबुलाइज़ेशन तकनीक को विकसित किया गया है, जिसका पिछले दो वर्षों से सफलतापूर्वक एवं निरंतर उपयोग किया जा रहा है।

# अनियंत्रित हाइवा मकान की दीवार में घुसा, अंदर सो रहे लोग बाल-बाल बचे

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई





- शुक्रवार रात 1.30 बजे की घटना
- मोहन नगर पुलिस कर रही जांच

शुक्रवार देर रात दुर्ग बायपास में बड़ा हादसा होते-होते बच गया। नागपुर से रायपुर की ओर जा रहा ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित मकान में जा घुसा। इससे मकान का कमरा, बाउंड्रीवाल, गेट और प्रिंटिंग मशीन क्षतिग्रस्त हो गया। जिस समय हादसा हुआ कमरे के अंदर परिवार के 9 लोग सोये हुए थे, जो बाल-बाल बच गए।

जानकारी के मुताबिक हाईवा एमएच 40 सीएम 6353 देर रात 1:30 बजे नागपुर नेशनल हाईवे से होते हुए रायपुर की ओर जा रहा था। दुर्ग बायपास मार्ग पर चालक को अचानक झपकी आ गई। इससे वाहन बेकाबू हो गया। हाइवा एक लेन से दूसरी लेन पार करते हुए डिवाइडर तोड़कर सीधे कादम्बरी नगर, आरोग्यम अस्पताल के पास स्थित राम खिलावन साहू के मकान में जा घुसा।

शिकायत पर मोहन नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मकान मालिक राम खिलावन साहू के मुताबिक रात को अपने परिवार के साथ घर में सो रहे थे। अचानक जोरदार आवाज सुनकर उनकी नींद खुली। उस समय ऐसा लगा जैसे भूकम्प आ गया हो। बाहर निकलकर देखा तो हाइवा उनके घर की बाउंड्री तोड़कर भीतर घुस चुका था।

# सुबह और शाम कोहरे से घिरी ट्विनसिटी, बदली भी छाई

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

- चार डिग्री पारा बढ़ने से ठंड से मिली हल्की राहत



शनिवार को ट्विनसिटी में मौसम अजीबोगरीब रहा। अलसुबह और शाम को शहर कोहरे से घिरा रहा। ऐसा लगने लगा था कि अब-तब बारिश हो जाएगी। दोपहर को मौसम पूरी तरह खुला रहा। शाम होते ही अचानक वातावरण में कोहरा और नमी दिखाई दी। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में घना कोहरा और हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। शनिवार को न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस से अचानक 12.4 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा। डेढ़ महीने में ऐसा पहली बार हुआ है कि न्यूनतम तापमान में इतनी तेजी से बढ़ोतरी हुई है। यह सामान्य से महज 1 डिग्री सेल्सियस ही नीचे रहा। अधिकतम तापमान भी बढ़ा। अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम के इस बदले हालात की वजह से दिनभर ठंड का एहसास पहले जैसा नहीं हुआ।

### न्यूनतम तापमान में 4 डिग्री की गिरावट

मौसम विभाग के मुताबिक 4 जनवरी से न्यूनतम तापमान में गिरावट आ सकती है। न्यूनतम तापमान 2 से 4 डिग्री सेल्सियस नीचे जा सकता है। मौसम के इस बदलाव की वजह से आसमान पर कोहरे की स्थिति बनी रह सकती है। कहीं-कहीं हल्की बारिश की भी संभावना है। इसके अलावा शीतलहर कुछ क्षेत्रों में भी चल सकती है। मौसम में आए इस अचानक बदलाव का असर सेहत पर भी दिखाई देने लगा है। डॉक्टरों के मुताबिक लोगों को सर्दी, खांसी,बुखार के अलावा सिरदर्द, बदन दर्द जैसी समस्याएं आने लगी है।

### सुबह छाई रही बदली

अलसुबह आसमान पर बदली छाई रही। नए हवाएं भी चल रही थी। इससे ऐसा लग रहा था कि अब तक बारिश हो सकती है। सुबह 8 बजे तक ऐसी ही स्थिति बनी रही। उसके बाद आसमान खुला और सूर्यदेव के दर्शन हुए। दोपहर को मौसम नम रहा। शाम 5 बजे के बाद शहर में कोहरा ही कोहरा दिखाई देने लगा। जिसकी वजह से लोगों को आवागमन में भी दिक्कतें आने लगी।






## लाइव इवेंट

### वेट लिफ्टिंग महिला टीम की तीन खिलाड़ियों ने किया क्वालिफाई



**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की वेट लिफ्टिंग महिला टीम के 3 खिलाड़ियों ने ऑल इंडिया प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई किया है। 26 से 30 दिसंबर तक चण्डीगढ़ विश्वविद्यालय पंजाब में आयोजित उत्तर पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीन वेट लिफ्टिंग महिला प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की तीन महिला खिलाड़ियों ने आल इंडिया प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई की।

विश्वविद्यालय के खेल संचालक डॉ. दिनेश नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिताओं में 7 महिला खिलाड़ी शामिल हुए थे जिसमें 3 खिलाड़ी मौसमी निर्मलकर, मानसी यादव और रिमझिम मेंगी ने टॉप रेंक हासिल की है। ये तीनों खिलाड़ी चण्डीगढ़ विश्वविद्यालय, पंजाब में ही आयोजित आल इंडिया प्रतियोगिता में भाग लेगे। क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजय तिवारी, कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप, खेल संचालक डॉ. दिनेश नामदेव ने शुभकामनाये दी। इस टीम के मैनेजर दुर्गा जंघेल, क्रीड़ाधिकारी शासकीय महाविद्यालय बेमेतरा, प्रशिक्षक मधु यादव, खेल सहायक शासकीय नवीन महाविद्यालय, बाजार अटरिया एवं टेकराम खेल सहायक शासकीय महाविद्यालय छुईखदान है। जिनके मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने यह प्रतियोगिता क्वालीफाई किया है।



## सिटी इवेंट

### बीएसपी में सुरक्षा पर केंद्रित ड्रॉइंग और पेंटिंग स्पर्धा 11 को, दिव्यांग भी शामिल



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने 11 जनवरी को सुनीति उद्यान सेक्टर-8 पार्क में सुबह 9 बजे से 12 बजे तक स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए तात्कालिक सुरक्षा ड्रॉइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को ए-4 आकार की ड्रॉइंग शीट सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी, जबकि पेंटिंग के लिए आवश्यक अन्य सामग्री जैसे पेंसिल, वाटर कलर, ऑयल पेंट, क्रेयॉन कलर आदि प्रतिभागियों को स्वयं लानी होगी। प्रतियोगिता में चयनित प्रविष्टियों को नेहरू आर्ट गैलरी, सिविक सेंटर, भिलाई में आयोजित ड्रॉइंग और पेंटिंग प्रदर्शनी में 19 जनवरी से 23 जनवरी तक प्रदर्शित किया जाएगा। प्रतियोगिता को छात्र-छात्राओं के लिए कुल छः श्रेणियों में विभाजित किया गया है, जिनमें नर्सरी, कक्षा 1 से 3, कक्षा 4 से 5, कक्षा 6 से 8, कक्षा 9 से 12 तथा शारीरिक रूप से दिव्यांग विद्यार्थी शामिल हैं। इच्छुक प्रतिभागी 11 जनवरी को सुबह 9 बजे सुनीति उद्यान सेक्टर-8 पार्क के प्रवेश द्वार पर उपस्थित होकर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। प्रतियोगिता के विजेताओं को 19 जनवरी को नेहरू आर्ट गैलरी में आयोजित ड्रॉइंग और पेंटिंग प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

## सिटी इवेंट

### विशाल रक्तदान शिवर आज

**भिलाई।** जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य महाराज की प्रेरणा से



रामानंदाचार्य संप्रदाय द्वारा 4 जनवरी को मां तुलजा भवानी मंदिर परिसर सेक्टर-7 कल्याण कॉलेज



के सामने सुबह 10 से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। इसमें 200 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य रखा गया है। पिछले वर्ष पूरे भारत में रामानंदाचार्य संप्रदाय द्वारा 1,34,272 यूनिट रक्तदान किया गया था। इस वर्ष 1,50,000 यूनिट रक्त का लक्ष्य रखा गया है।

## भिलाई व पुरई में आयोजित वार्षिक उत्सव पुरस्कार वितरण एवं बाल मेला समारोह

# आपरेशन सिंदूर पर नृत्य और नाटक कर जवानों को किया सेल्यूट

# दिखाया जवानों का समर्पण, छग के लोक नृत्यों में ने बिखेरी सतरंगी छटा

**भिलाई। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरई और मरोदा टैंक भिलाई में वार्षिक उत्सव समारोह के साथ बाल मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने देश के जवानों को सेल्यूट करने आपरेशन सिंदूर अभियान को नृत्य और नाटक के माध्यम से दिखाया।जिसे देखकर सभी दर्शकों ने खड़े होकर प्रस्तुतियों का सराहना की। साथ ही छत्तीसगढ़ी लोक नृत्यों और विभिन्न सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों द्वारा अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। वार्षिकोत्सव और बाल मेला के आयोजन में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती और छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर की गई। विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्राचार्य ने प्रस्तुत किया। इस दौरान प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को उनके शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत कर शुभकामनाएं दी।**





### दी रंगारंग प्रस्तुति

इस अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया। बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।

### प्रतिभाओं को निखारने का अवसर

इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और बच्चों सर्वांगीण विकास भी बहुत जरूरी है। ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है और उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। सभी को अपने अपने स्कूल के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम की प्रतिक्षा रहती है जिसके लिए पहले से ही बच्चे तैयारी में लग जाते है यह एक अवसर होता हैं जब बच्चे अपने भीतर छुपी प्रतिभाओं को को निखारते है।

### उपस्थित होकर किया उत्साहवर्धन

कार्यक्रम में प्राचार्य सीमा दवे, शीतला ठाकुर, एकनाथ अनुपम साहू, राजू राकेश जंघेल, चंदू देवांगन, प्रवीण यदु, डोमार सिंह साहू, फलेंद्र सिंह राजपूत, अनिल देशलहरे, गौरी रिगरी, पूजा मानिकपुरी, भुनेश्वरी साहू, ममता देवांगन, देवला सिन्हा, तेजनाथ साहू, कुमार राम साहू, सतरूपा साहू, अंजू कोसरे, प्रशांत सिंह, सुंदर साहू, प्रशांत सिंह ठाकुर, छबि लाल साहू, देवेन्द्र साहू, रमेश वर्मा, शैलेंद्र कुमार साहू, सरिता देवांगन, पूनम सपहा, गैंदलाल जंघेल, सितारा देवी



विश्वकर्मा, माला सिंह, नरेन्द्र निर्मलकर, मुकेश यादव, प्राचार्य मित्रा राय चौधरी, वी.के. सहित काफी संख्या में स्कूली बच्चे और अभिभावक उपस्थित रहे।

### महादान, सामाजिक समरसता और दानशीलता का प्रतीक है छेरछेरा पर्व



ग्राम सिरसा खुर्द में कोसरिया, मरार पटेल समाज द्वारा मां शाकंभरी जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां विधायक ललित चंद्राकर ने मां शाकंभरी माता की पूजा अर्चना कर सामाजिक जनों को दानपुण्य के महापर्व छेरछेरा पुन्नी की शुभकामनाओं के साथ ही प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

विधायक ने कहा कि छेरछेरा महादान, सामाजिक समरसता और दानशीलता का प्रतीक पर्व है, जो छत्तीसगढ़ की समृद्ध, गौरवशाली और मानवीय मूल्यों से ओत-प्रोत परंपरा को सजीव रूप में अभिव्यक्त करता है। नई फसल घर आने की खुशी में यह पर्व पौष मास की पूर्णिमा को बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाया जाता है।

# छेर-छेरा पर दान-पुण्य का विशेष महत्व

# वेंटीलेटर एम्बुलेंस लोगों को किया समर्पित

**भिलाई।** छेरछेरा पुन्नी के अवसर पर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने उनके जन्मदिन पर मिली वेंटिलेटरयुक्त एम्बुलेंस को सेवा के लिए जीवरानी देवी वेलफेयर सोसायटी को हैंडओवर किया है। इसके बाद से अब एंबुलेंस संचालन की जिम्मेदारी संस्था संभालेंगी। विधायक ने हरी झंडी दिखाकर एंबुलेंस को जनता को समर्पित किया। इससे वेंटिलेटर एम्बुलेंस क्षेत्रवासियों के लिए किफायती दर पर आईसीयू टीम के साथ उपलब्ध होगी। विधायक ने कहा कि क्षेत्र में वेंटिलेटर युक्त एम्बुलेंस न होने से कई गंभीर दिक्कतें होती थीं। खासकर उन मरीजों के लिए जिन्हें सांस लेने में समस्या हो और जो गंभीर रूप से घायल हों। भिलाई के मरीज को शिफ्ट करने में अक्सर



बाहर से वेंटिलेटरयुक्त एम्बुलेंस मंगानी पड़ती थी जिससे मनमाना किराया और काफी समय भी बेकार जाता था। वैशाली नगर विधानसभा में वेंटिलेटरयुक्त एम्बुलेंस सुविधा होने से किफायती किराये पर मरीज गंतव्य तक समय पर पहुंच सकेगा। वेंटीलेटर एम्बुलेंस के लिए लोग वैशाली नगर विधायक कार्यालय द्वारा जारी नंबर तथा जीवरानी देवी वेलफेयर सोसाइटी के मोबाइल नंबर में फोन करके किफायती दर पर एम्बुलेंस सुविधा ले सकेंगे। यह वेंटिलेटर एम्बुलेंस भिलाई-दुर्ग में 2100 तथा 5100 रुपये में राजधानी रायपुर तक सेवा देगी। अन्य राज्यों के हॉस्पिटल रेफर होने पर भी लोगों को किफायती किराये पर चिकित्सकीय टीम के साथ उपलब्धता के आधार पर प्रदान की जाएगी। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष अरुण मिश्रा और सचिव डॉ. सतीश चंद्राकर भी मौजूद थे।

### बच्चों में दिखा उत्साह

छेरछेरा पुन्नी के अवसर पर बच्चों में दिखा काफी उत्साह। महादान और दानशीलता का प्रतीक है छेरछेरा पुन्नी का पर्व।



### सर्व हिंदू समाज का श्रीमद् भागवत कथा आज से, पहले दिन निकलेगी शोभायात्रा

**भिलाई।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी महोत्सव के अंतर्गत संगठन की प्रेरणा से सर्व हिंदू समाज भागवत कथा समिति द्वारा श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन



4 से 11 जनवरी तक सत्यनारायण धर्मशाला, न्यू खुर्सीपार में कराया गया है। कथावाचक महंत गोपाल शरण देवाचार्य महाराज होंगे। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक चलेगी। कथा की कलश यात्रा 4 जनवरी को दोपहर 3 बजे राधाकृष्ण मंदिर न्यू खुर्सीपार से निकलेगी, जो नगर भ्रमण कर वापस मंदिर परिसर पहुंचेगी। शोभायात्रा में सैकड़ों भक्त शामिल होंगे। आयोजन समिति के शिरीष अग्रवाल, पवन अग्रवाल ने बताया कि आरएसएस के पंच प्रवर्तन अभियान के तहत सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबंधन, स्वदेशी अपनाने, अपने कर्तव्यों को समझने, के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के घनश्याम दास अग्रवाल, तोताराम अग्रवाल, कमल, मनीष, संजू जायसवाल, वेंकट राव, विजय शर्मा, संगीता अग्रवाल, प्रेमा गर्ग तैयारियों में जुटे हैं।

## सत्तीचौरा में मधुर भजनों के साथ पुराने साल की बिदाई एवं नये साल का स्वागत

# न डिस्को, न क्लब... नए साल का स्वागत किया श्याम बाबा के संग, भजनों में डूबे श्रोता

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** नये साल की शुरुआत करने 31 की रात जब पूरा देश जश्न में डूबा था तब छत्तीसगढ़ की धार्मिक नगरी दुर्ग के सत्तीचौरा में नए साल के पहले दिन शाम से लेकर देर रात तक श्याम बाबा का भजन संध्या का आयोजन किया गया। नगर के सत्तीचौरा में आयोजित इस कार्यक्रम का शीर्षक न डिस्को जायेंगे न होटल जाएंगे, नया साल सांवरिया, तेरे दर पे बिताएंगे रखा गया था। जिसमें गंजपारा सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्याम प्रेमी एवं धर्मप्रेमी शामिल हुए।



### हारे का तू है सहारा भजनों की दी प्रस्तुति

आयोजक समिति के मोहित पुरोहित और ऋषि गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में भजन गायक मयूर मयंक बिंदल डोंगरगढ़ द्वारा हारे का तू है सहारा, साथी हमारा कौन बनेगा और जी कर रहा है आप पे ये जान वार दु जैसे भजनों की शानदार प्रस्तुति दी। जिस पर श्रद्धालु तालियों और जयकारों के साथ झूम उठे। भजन गायिका ट्विंकल खेमुका आज नहीं तो कब नाचोगे, मच गया शोर सारी नगरी में और विशेष रूप से महिलाओं के लिए गरबा के मधुर भजन गाकर भक्तों को भावविभोर कर दिया। भजन संध्या में म्यूजीशियन निर्मल म्यूजिकल ग्रुप द्वारा संगीत की प्रस्तुति दी गई।

### मितानिनों को किया सम्मानित

गंजपारा प्रीमियर लीग के सदस्यों द्वारा 31 दिसंबर की रात पुराने वर्ष की बिदाई एवं नववर्ष के स्वागत में भजन संध्या का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में गंजपारा पार्षद प्रतिभा सुरेश गुप्ता द्वारा इस कार्यक्रम में वार्ड की आंगनबाड़ी की सहायिका एवं वार्ड की मितानिनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त जन समर्पण सेवा संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा बंटी ने किया।

### श्याम बाबा का दुपट्टा पहनाकर किया अभिनंदन



कार्यक्रम के दौरान सभी कलाकारों और अतिथियों सहित पायल जैन, राहुल शर्मा को बाबा श्याम का दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में अजय शर्मा, दीपक चावड़ा, राजेश शर्मा, मनीष दुबे, सुरेश गुप्ता, गोपाल शर्मा, पिंकी गुप्ता, मनोज गुप्ता, विवेक मिश्रा, बिरदी सोनी, हितेश शर्मा, दिनेश शर्मा, राजेश शर्मा, मनोज शर्मा, राहुल शर्मा, ईशान शर्मा, सुंदर लाल गुप्ता, सूर्यमणि मिश्रा, सरिता शर्मा, नीलू पंडा, चंचल शर्मा, किरण सेन, मोना शर्मा, संध्या वर्मा, आभा शर्मा, कुलेश्वरी जायसवाल, रूपल गुप्ता, प्रज्ञा शर्मा, पुष्पा रूंगटा, लक्ष्मी शर्मा, माया गुप्ता, बबली शर्मा सहित आयोजक समिति के सदस्य और श्याम भक्त सैकड़ों की संख्या में उपस्थित थे।

## समाज इवेंट

# चुनाव में प्रत्याशियों ने दिखाया उत्साह, 11 को मतदान



**दुर्ग।** नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित दुर्ग के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिसके पहले चरण में चुनाव के लिए प्रत्याशियों ने शनिवार को उत्साह के साथ नामांकन दाखिल किया। इस दौरान प्रत्याशियों ने रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष अपने-अपने नामांकन दाखिल किए। नामांकन प्रक्रिया के दौरान बैंक से जुड़े.सदस्य और अन्य लोग सक्रिय रहे। जिससे नामांकन स्थल गुर्जर क्षत्रिय गुजराती समाज भवन, मोतीपारा में गहमागहमी का माहौल रहा। नामांकन की प्रक्रिया रिटर्निंग अधिकारी देवाशीष दास और रजिस्ट्रार ऑफ को-ऑपरेटिव सोसायटी दुर्ग के 17 कर्मचारियों की देखरेख में पूरी की गई। नामांकन पत्रों की 4 जनवरी को दोपहर 12 बजे से बैंक मुख्यालय अस्पताल वार्ड पचरीपारा में जांच की जाएगी। 5 जनवरी को नाम वापसी के लिए सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है।

जिसके बाद चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन एवं उन्हें चुनाव चिन्हों का आबंटन किया जाएगा। निर्वाचन के लिए मतदान 11 जनवरी को गुर्जर क्षत्रिय गुजराती समाज भवन मोतीपारा में सुबह 10 से 3 बजे तक किये जाएंगे। मतदान के एक घण्टे बाद मतगणना की जाएगी और परिणामों की घोषणा की जाएगी। प्रथम चरण में बैंक के प्रत्यायुक्त सदस्य पद के 117 पद के लिए चुनाव हो रहे है। बैंक के कुल सदस्यों की संख्या 5837 है। जिनमें से 1688 पात्र सदस्यों को इस चुनाव में मतदान करने की पात्रता होगी। नागरिक सहकारी बैंक का यह चुनाव 4 साल बाद हो रहा है। जिससे बैंक के सदस्यों में उत्साह का माहौल है।

## धर्म लाइव

# मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का वार्षिक अधिवेशन व अध्यक्ष का चुनाव आज

**भिलाई।** मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज भिलाई नगर का वार्षिक अधिवेशन कुर्मी भवन सेक्टर-7 में रविवार को दो सत्रों में आयोजित किया गया है।

प्रथम सत्र में सुबह 10 बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज भिलाई नगर का वार्षिक अधिवेशन मनवा कुर्मी क्षत्रिय महिला समाज और युवा समाज के साथ संयुक्त रुप से होगा। मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के उपाध्यक्ष आत्माराम नायक ने जानकारी देते हुए बताया कि अधिवेशन में मनवा कुर्मी समाज भिलाई के वर्ष भर के सामाजिक गतिविधियों की जानकारी सचिवीय प्रतिवेदन, कोष प्रतिवेदन के साथ ही भिलाई के सदस्यों का सेवानिवृत्त सम्मान और आई.आई.टी., नीट, सी ए, सी एम ए में चयनित या अन्य किसी भी क्षेत्र शिक्षा, खेल, कला, व्यवसाय आदि में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त छात्रों को छात्र प्रतिभा सम्मान होगा।वार्षिक अधिवेशन में बतौर अतिथि दुर्ग राज छ ग मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज राज प्रधान ईश्वरी वर्मा, छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज केंद्रीय उपाध्यक्ष मीना वर्मा, सेफी चेयरमैन नरेंद्र बंछोर, दल्ली राजहरा सीएसपी डॉ. चित्रा वर्मा और भिलाई इकाई अध्यक्ष कोमल धुरंधर शिरकत करेंगे। आज आयोजित इस आयोजन के द्वितीय सत्र में 3 बजे से साढ़े 5 बजे तक मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज भिलाई के लिए नए अध्यक्ष का चुनाव सम्पन्न होगा।

## समाज इवेंट

# गौ-सेवा अभियान की शुरुआत युवा सड़क सुरक्षा और करुणा का दें संदेश



- नव वर्ष 2026 पर एमजीएम मोदी ग्रुप की गौ-सेवा महाअभियान
- मोदी ग्रुप की गौ-सेवा महाअभियान

**भिलाई।** नए साल 2026 के अवसर पर मोदी ग्रुप और जन सेवा समिति के तत्वावधान में गौ-सेवा महाअभियान की शुरुआत की जा रही है। इस अभियान का उद्देश्य रात के समय सड़कों पर मौजूद गौ-माताओं को वाहन चालकों द्वारा न देख पाने से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकना और गौ-माता और मानव दोनों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है।

अभियान के अंतर्गत सड़कों पर विचरण करने वाली गौ-माताओं को रेडियम पट्टा पहनाया जाएगा। ये रेडियम पट्टी पूरी तरह से निःशुल्क वितरित किए जाएंगे। सड़क सुरक्षा की ओर कदम, रेडियम से रोशन जीवन के संदेश के साथ यह पहल समाज में संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करेगी। पोस्टर के माध्यम से हमन बढ़ाबो, त हम सब बढ़बो और गौ माता के दर्द को महसूस कीजिए का संदेश दिया जायेगा। इस अवसर पर गौ-पुराण का भव्य पाठ आयोजित किया जाएगा, जिसमें सर्व समाज को जोड़ने का संकल्प लिया गया है। कार्यक्रम के समापन पर समर्पण भाव के साथ विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

# नजरिया फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग आज

**भिलाई।** एसएनजी विद्या भवन में सेक्टर-4 में 4 जनवरी को शाम 6 बजे नजरिया फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग आयोजित है। यह फिल्ड छत्तीसगढ़ी-हिंदी भाषा में बनी है और नाचा लोककला के कलाकारों की जीवर पर आधारित है। कहानी रूपेश नाचा के इर्द-गिर्द घूमती है, जो दिल्ली जाकर एक बड़ा कलाकार बनना चाहता है, लेकिन घरेलू परिस्थितियों के कारण अपने सपनों को पूरा नहीं कर पाता। फिल्म का निर्देशन चित्रांश श्रीवास्तव ने किया है, जो आईपीटीए के कलाकार हैं। फिल्म में मुख्य भूमिकाओं में अमित सिंह चौहान और दलविंदर सैनी हैं। दलविंदर सैनी ने हाल ही में फिल्म धुरंदर में अजमल कसाब की भूमिका निभाई है।

### स्वयंसेवकों ने विभिन्न राज्यों की वेशभूषा धारण कर निकाली रैली, सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

# समाज और राष्ट्र के लिए जीना सीखने अनुशासित दिनचर्या का किया पालन, स्वयंसेवकों ने किया मेडिटेशन और योगाभ्यास

भिलाई। इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय वैशाली नगर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 2 द्वारा ग्राम पिसेगांव दुर्ग में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना की नियमित दिनचर्या का अनुशासित रूप से पालन किया गया, जिसमें प्रभात फेरी, योगाभ्यास, परियोजना कार्य, बौद्धिक सत्र, देसी खेलकूद, ग्राम संपर्क एवं संध्या कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। अंतिम दिन सांस्कृतिक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने विभिन्न राज्यों की वेशभूषा धारण कर नृत्य करते हुए ग्रामवासियों को शिविर समापन की जानकारी दी। शिविर के दौरान पौधरोपण और तीन दिवसीय मेडिटेशन सत्र का भी आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में ग्राम के 153 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। शिविर का आयोजन विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना, सेवा भावना और व्यक्तित्व विकास को सुदृढ़ करने के लिए किया गया था। प्रतिदिन आयोजित बौद्धिक सत्रों में विषय विशेषज्ञों द्वारा स्वयंसेवकों को सामाजिक, नैतिक एवं व्यवहारिक विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया।



### सेवा और अनुशासन का बताया महत्व

शिविर के उद्घाटन सत्र में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अल्का मेश्राम, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक जैनेंद्र दीवान, ग्राम सरपंच द्रौपदी देशमुख, पंचायत सचिव, उपसरपंच, पंच और ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा स्वयंसेवकों को सेवा और अनुशासन का महत्व बताते हुए पौधरोपण किया गया। शिविर के दौरान केंद्रीय विद्यालय के संस्कृत शिक्षक डॉ. अजय आर्य ने आर्य समाज द्वारा वस्त्रदान अभियान में सक्रिय सहभागिता करने वाली छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना हम सबको राष्ट्र और समाज के लिए जीना सिखाती है।



### महिलाओं को दी कानून की जानकारी

शिविर के दौरान राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित स्वयंसेवक सत्येंद्र साहू और राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित स्वयंसेवक कौशल गजेंद्र ने राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ने के लाभ और पुरस्कार प्राप्ति की प्रक्रिया पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। तीसरे दिन एडवोकेट अनामिका गुहा राय और शुभम सिंह राजपूत द्वारा छात्राओं को उनके अधिकारों, कर्तव्यों एवं महिलाओं के कानूनी संरक्षण से संबंधित जानकारी दी गई। इसी अवसर पर ग्रामवासियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम के 153 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। इस दौरान डॉ. लीना साहू ने बौद्धिक सत्र में सहभागिता करते हुए स्वयंसेवकों की जिज्ञासाओं का समाधान किया।

**यह रहे उपस्थित :** शिविर में डॉ. कैलाश शर्मा, डॉ. संजय दास, डॉ. दिनेश कुमार सोनी, महेश अलेंद्र, सुरेश कुमार ठाकुर, डॉ. अमृतेष शुक्ला, डॉ. संतोष अग्रवाल, रूपेश परमार, डॉ. उमेश कुमार वैद्य, तरुण कुमार साहू, निखिल देशलहरा सहित साइंस कॉलेज, सुराना कॉलेज, बस्तर, धमतरी, राजनांदगांव और बिलासपुर से आए स्वयंसेवकों की सहभागिता रही।

### विद्यार्थियों को उपहार देकर किया प्रोत्साहित

सांस्कृतिक कार्यक्रम के अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर की उपस्थिति रहे। उन्होंने शिविर की अनुशासित दिनचर्या और स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दी। समापन समारोह में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. भूपेंद्र कुलदीप और राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व कार्यक्रम समन्वयक डॉ. आर.पी. अग्रवाल उपस्थित रहे। इस अवसर पर 50 स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र प्रदान कर वरिष्ठ स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया और उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों को बैग प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया।

### सामाजिक उत्तरदायित्व और सेवा भावना को किया सुदृढ़

सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत प्रतिदिन शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें ग्राम के 47 बच्चों को मेडल एवं उपहार प्रदान किए गए। अंतिम दिन सांस्कृतिक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने विभिन्न राज्यों की वेशभूषा धारण कर नृत्य करते हुए ग्रामवासियों को शिविर समापन की जानकारी दी। शिविर के दौरान पौधरोपण और तीन दिवसीय मेडिटेशन सत्र का भी आयोजन किया गया। यह विशेष शिविर स्वयंसेवकों के सर्वांगीण विकास, सामाजिक उत्तरदायित्व और सेवा भावना को सुदृढ़ करने की दिशा में आयोजित किया गया था।

## वार्षिक महोत्सव

# श्याम बाबा के दरबार में आज लगेगा सवामणि प्रसादी का भोग, निकाली गई निशान यात्रा



**भिलाई।** कादंबरी नगर दुर्ग स्थित श्याम बाबा मंदिर में वार्षिक महोत्सव का दो दिवसीय आयोजन 3 और 4 जनवरी को आयोजित किया गया है। पहले दिन शनिवार को हर्षोल्लास के साथ वार्षिक महोत्सव की शुरुआत निशान यात्रा निकाल कर की गई। लगातार श्याम मंदिर में उमड़ रहे भक्तों के सैलाब को देखकर इस बार व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई है।

श्री श्याम मंदिर समिति के प्रमुख ट्रस्टी किशोरी लाल सिंघानिया और अध्यक्ष रामफल शर्मा ने बताया कि यह मंदिर स्थापना का 15वां वर्ष है और इस अवसर पर अखंड ज्योति, अलौकिक श्रृंगार, छप्पन भोग, बाबा का भव्य दरबार और स्वामनी प्रसादी का आयोजन तो हो ही रहा है साथ ही रविवार को 10 बजे वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा वृंदावन की रासलीला और झांकी की प्रस्तुति भी की जायेगी।

दो दिवसीय आयोजन के पहले दिन शनिवार को सुबह 8 बजे कादंबरी नगर स्थित दीपक बंसल के निवास से निशान यात्रा निकाली गई। जो प्रमुख चौक-चौराहों का भ्रमण करते हुए श्याम मंदिर पहुंची। इसके साथ ही श्याम महोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस अवसर पर दिन भर विभिन्न आयोजन होते रहे। शाम 7 बजे से विराट भजन संध्या में भजन गायक लखनऊ की अनुष्का मिश्रा और दिल्ली के पंकज सोनी ने अपनी मधुर वाणी से भजनों का रसपान कराया, जिसे सुनकर श्रोता भक्ति में लीन दिखाई दिये। सभी भक्तों ने श्याम रसोई में भंडारा ग्रहण किया। आयोजन के दूसरे और अंतिम दिन आज सुबह 10 बजे से वृंदावन की रासलीला और सवामणि प्रसादी का भोग लगाया जायेगा। इस बार बाबा के दरबार में सवामणि लगाने वालों में पूरे देश भर से अब तक लगभग 300 से भी अधिक लोग शामिल हो चुके हैं। श्याम बाबा मंदिर के वार्षिक महोत्सव के आयोजन में नंदलाल राजगढ़िया, नारायण खेतान, हरीश अग्रवाल, मुरारी सिंघानिया, विमल खेतान सहित सभी सदस्य व्यापक स्तर पर तैयारी में लगे हुए है। आयोजकों ने बताया कि सवामणि प्रसादी और श्याम रसोई के लिए राजस्थान से रसोइयों को बुलाया गया है। किशोरी लाल सिंघानिया और रामफल शर्मा ने सभी श्याम प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर धर्म लाभ लेने को कहा है।

## श्रमवीरों को दी विदाई

# सेवानिवृत्त की राशि को सोच समझ कर निवेश करने दी सलाह



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र एससी-एसटी एम्पलाईज एसोसिएशन भिलाई के तत्वावधान में डॉ. आम्बेडकर भवन सेक्टर-6 में सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष वेद प्रकाश सूर्यवंशी ने कहा कि संस्था के सदस्यों ने अपने जीवन के 60 वर्षों तक भिलाई इस्पात संयंत्र को तन और मन से उत्कृष्ट सेवाएं दी हैं। जिसके फलस्वरूप भिलाई इस्पात संयंत्र ने 11 बार प्रधानमंत्री ट्राफी हासिल किया है। हम उन श्रमवीरों के सम्मान के साथ-साथ उनकी पत्नियों का भी सम्मान कर रहें हैं, जिन्होंने हर तकलीफों में उनका साथ दिया है, जिसके कारण ही श्रमवीरों ने अपनी डयूटी कुशलता के साथ की और आज सकुशल सेवानिवृत्त हो रहे है।

सम्मान समारोह में भारतीय बौद्ध महासभा के अध्यक्ष दशरथ प्रसाद अहिरवार ने अपनी कमाई हुई राशि को सोच समझ कर निवेश करने की समझाइश दी। दिसम्बर 2025 में सेवानिवृत्त होने वाले श्रमवीरों में आदूराम गोयल, हरिश्चंद्र भरतद्वाज, कमलेश कुमार लरेन्द्र, प्रभु लाल, पिरित राम ठाकुर सहित सभी को एसोसिएशन की तरफ से शॉल, श्रीफल और फूल मालाओं से अभिनंदन कर विदाई दी गई। कार्यक्रम में एसोसिएशन के उपाध्यक्ष वेद प्रकाश सूर्यवंशी, कुमार भारद्वाज, शशांक प्रसाद, महासचिव विजय कुमार रात्रे, संगठन सचिव परमेश्वर कुर्रे, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार खेलवार, उप कोषाध्यक्ष नरेश चंद्र, जोनल सचिव संत ज्ञानेश्वर गायकवाड, कालीदास बघेल, उत्तम मंडावी, संजय कुमार, कुंजलाल ठाकुर, यशवंत नेताम, कार्यकारणी सदस्य धरमपाल, जीतेन्द्र कुमार भारती, धरम पाल, विभागीय समिति कोक ओवन के अध्यक्ष हेमन्त भुआर्य, लेखराज घरेन्द्र, धनंजय मेश्राम सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### आर्य समाज मंदिर सेक्टर 6 में युवा चरित्र निर्माण शिविर का हुआ समापन

# 200 से भी अधिक आर्य वीर और वीरांगनाओं ने सीखे चरित्र निर्माण के गुर, किया पथ संचलन और शौर्य प्रदर्शन

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** स्वामी दयानंद की 200वीं जयंती पर आर्य वीर दल द्वारा आर्य समाज मंदिर सेक्टर 6 में युवा चरित्र निर्माण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 200 से भी अधिक आर्य वीर और वीरांगनाओं ने शिविर में भाग लेकर चरित्र निर्माण के गुर सीखे। शिविर के दौरान वीरांगनाओं ने अपने गणवेश के साथ पथ संचलन किया। साथ ही पथ यात्रा के दौरान विभिन्न चौक-चौराहों पर आर्य वीर वीरांगनाओं द्वारा शौर्य प्रदर्शन भी किया गया। शिविर के दौरान स्वामी श्रद्धानंद के 99वें बलिदान दिवस के अवसर पर आर्य जगत के विद्वान आचार्य योगेश विद्यार्थी का ओजस्वी उद्बोधन हुआ। जिसमें 300 से भी अधिक श्रोताओं ने भाग लिया और स्वामी श्रद्धानंद के चरित्र को स्वयं पर चरितार्थ करने का संकल्प लिया।



### शिविर में उपस्थित होकर दी व्यायाम और अन्य शिक्षा



दुर्ग संभागीय युवा चरित्र निर्माण एवं आत्मा प्रशिक्षण शिविर जिसमें कुल 118 आर्य वीर एवं 90 आर्य वीरांगना शामिल रहीं। आर्यवीर दल में शिविर अध्यक्ष संदीप श्रेयार्थी और आर्य वीरांगना दल में शिविर अध्यक्ष आचार्या गीता वेदालंकार रही। आर्य वीर दल के मुख्य व्यायाम शिक्षक डिंपल आर्य, आर्य वीरांगना दल की मुख्य व्यायाम शिक्षिका कविता आर्या, सहायक शिक्षिका भूमिका आर्या और शिविर संयोजिका साक्षी आर्या प्रमुख रूप से उपस्थित रही। शिविर का उद्घाटन दुर्ग के पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल ने किया।

### आर्य वीर और वीरांगनाओं को किया सम्मानित

शिविर के पांचवे दिन शाम 4 बजे नगर भ्रमण और पथ संचलन का कार्यक्रम हुआ। जिसमें सभी 200 आर्य वीर वीरांगनाओं ने अपने गणवेश के साथ भिलाई की भूमि पर पथ संचलन किया। आर्य वीर वीरांगनाओं के द्वारा व्यवस्थित और पूरे गणवेश में निकली गई, साथ ही पथ यात्रा के दौरान विभिन्न चौक-चौराहों पर आर्य वीर वीरांगनाओं द्वारा शौर्य प्रदर्शन किया गया। जिसके अगले दिन सुबह 10 बजे आर्य वीर दल संभागीय युवा चरित्र निर्माण एवं आत्म प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें आर्य समाज के प्रांगण में करीब 500 लोगों की उपस्थिति में आर्य वीर व वीरांगना दल का शौर्य प्रदर्शन हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष रूप नारायण सिन्हा, डॉ मानसी राहुल गुलाटी और सभा मंत्री अवनी भूषण पुंरग उपस्थित रहे। सभी वीर व वीरांगनाओं को सम्मानित किया गया।

हेल्थ टिप्स

## अंडर-19 एलिट ग्रुप क्रिकेट में रोमांचक दौर जारी



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर 19 एलिट ग्रुप चार दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे राउंड के दूसरे दिन रोमांचक मुकाबले हुए। न्यू ग्राउंड कांकेर में टीम बीएसपी विरुद्ध प्लेट कंबाइंड के बीच मुकाबले में बल्लेबाजी करते हुए प्लेट कंबाइंड पहली पारी में अपने कल के स्कोर स्कोर 5 विकेट पर 276 रन से आगे खेलते हुए 376 रन बनाकर आउट हो गई। रुद्र साहू ने 115 रन और अंशुल सिंह ने 73 रन बनाए। गेंदबाजी में बीएसपी अभिषेक शुक्ला ने चार विकेट, प्रक्षाल जैन ने तीन विकेट और हर्ष सूचक, रुद्र प्रताप सिंह एवं अभ्युदय सिंह ने एक-एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में बीएसपी टीम पहली पारी में 100 रन पर आउट हो गई। देवांश पाटिल ने 37 रन ,हर्ष मिश्रा ने 12 रन और अभ्युदय सिंह 11 रन बनाकर नॉट आउट रहे। गेंदबाजी में प्लेट कंबाइंड के लवकेश यादव, अमर्त्य पटेल एवं आदित्य यादव ने तीन-तीन विकेट लिए। बल्लेबाजी में बीएसपी ने फॉलोआन खेलते हुए दूसरी पारी में एक विकेट पर तीन रन बनाए।

धमतरी में टीम दुर्ग विरुद्ध बिलासपुर के बीच मुकाबले में बल्लेबाजी करते हुए दुर्ग टीम पहली पारी में 177 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में बिलासपुर पहली पारी 136 रन पर आउट हुई। जिसमें आर्यन सिंह ने 53 रन और श्रीसंत खरे ने 31 रन बनाए। गेंदबाजी में दुर्ग शिवम यादव ने 4 विकेट, आनंद त्रिपाठी ने तीन विकेट एवं सार्थक बाजपाई ने दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में दुर्ग दूसरी पारी में पांच विकेट पर 123 रन, आनंद त्रिपाठी ने नॉट आउट 35 रन, रुद्र शुक्ला ने 29 रन, आदित्य वर्मा ने 19 रन और युग देशलहरा ने 18 रन बनाए। शिवम यादव 14 रन बनाकर नॉट आउट रहे। गेंदबाजी में बिलासपुर अयान उपाध्याय ने तीन विकेट लिए। दल्ली राजहरा में टीम कांकेर विरुद्ध राजनांदगांव के मैच में बल्लेबाजी करते हुए राजनांदगांव टीम पहली पारी में अपने कल के स्कोर 5 विकेट पर 253 रन से आगे खेलते हुए 438 रन बनाकर आउट हो गई। बल्लेबाजी में कांकेर ने दूसरी पारी पांच विकेट पर 137 रन बनाए। दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में टीम रायपुर विरुद्ध बिलासपुर ब्लू के मैच में बल्लेबाजी करते हुए बिलासपुर मब्लू पहली पारी में 230 रन पर आउट हो गई।

## बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में जुटे प्रदेश भर के खिलाड़ी



**रायपुर।** जिला बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन एवं टी गोल्ड जिम के तत्वाधान में बॉडी बिल्डिंग पावर लिफ्टिंग और स्ट्रेंथ लिफ्टिंग की प्रतियोगिता का शुभारंभ दक्षिण विधानसभा के विधायक सुनील सोनी ने किया। विशेष अतिथि छत्तीसगढ़ बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष दुर्गेश साहू थे। तत्पश्चात पावर लिफ्टिंग की प्रतियोगिता शुरू हुई। जिसमें प्रदेश भर के सौ पावर लिफ्टर प्रतिस्पर्धा में खेल रहे है। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक अंजना सिंह दल्ली राजहरा, मधु दीपिका दुर्ग, हरीश कुमार देवी लाल, भोज कुमार एवं ऋषभ है।

## ऑल इंडिया बेसबॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ ने जीता रजत पदक



**रायपुर।** देहरादून में 28 से 30 दिसंबर तक आयोजित ऑल इंडिया बेसबॉल क्लब प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ बेसबॉल बालक टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। फाइनल मुकाबला पंजाब टीम के साथ खेला गया। फाइनल में भी छत्तीसगढ़ टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 03 रन बनाए, लेकिन पंजाब टीम की मजबूत हिटिंग के सामने छत्तीसगढ़ को 03-07 से हार का सामना करना पड़ा। प्रतियोगिता के दौरान छत्तीसगढ़ बालक टीम को सर्वश्रेष्ठ अनुशासित टीम का सम्मान भी दिया गया। व्यक्तिगत पुरस्कारों में छत्तीसगढ़ टीम के कैचर राहुल कुमार विश्वकर्मा को बेस्ट कैचर ऑफ द टूर्नामेंट का अवार्ड प्रदान किया गया, वहीं पंकज मरावी को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के सम्मान से नवाजा गया। टीम मे हर्षवर्धन राय , दीपक कुमार , अभीतेज प्रताप यादव , प्रियांशु राज , राहुल कुमार विश्कर्मा , सस्कार यादव , पंकज मरावी , मयंक चंद्रवंशी , लक्छय विभार , चंद्रेश कोर्रम , शिवम् पटेल ,अशदेल अहमद टीम मे शामिल थे वही टीम के कोच लखन लाल देवांगन है। छत्तीसगढ़ बेसबॉल बालक टीम की इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ के अध्यक्ष डॉ पलक जायसवाल ने हर्ष व्यक्त किया।

### नए साल में बदलिए अपनी दिनचर्या

# दिन की करें 'हेल्दी शुरुआत', सुबह उठने से लेकर रात में सोने तक ऐसी रखेंगे दिनचर्या तो मौजा ही मौजा

साल 2025 को अलविदा बोलकर अब हम नए साल 2026 में प्रवेश कर चुके हैं। ये पूरा साल हमारी सेहत के लिए बेहतर रहे, हम सभी बीमारियों से सुरक्षित रहें और जीवन का भरपूर आनंद ले सकें इसके लिए अभी से शुरुआत करें। दिनचर्या की कुछ आदतें आपको स्वस्थ और फिट रखने में काफी मददगार हो सकती हैं, तो क्यों न दिन की करें एक 'हेल्दी शुरुआत'? स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सेहत के नजरिए से इस साल भी हमारे सामने कई सारी चुनौतियां हैं। देश में एक बार फिर से बढ़ रहे कोरोना के मामले हों या हृदय स्वास्थ्य को लेकर चुनौतियां, संक्रामक रोगों का खतरा हो या मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएं, हमें इन सभी दिक्कतों से बचने के लिए निरंतर प्रयास करते रहने की आवश्यकता है। इम्युनिटी को बढ़ाने, फिटनेस को ठीक रखने और बीमारियों से बचाव के लिए आज और अभी से दिनचर्या में कुछ जरूरी बदलाव करें।



### सुबह गर्म पानी और फिर 30 मिनट का व्यायाम

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, शरीर को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी है कि आपकी डाइट और दिनचर्या की आदतें सही हों। सुबह खाली पेट गुनगुने पानी के सेवन की आदत बनाएं। भरपेट पानी पीने से डिहाइड्रेशन का जोखिम कम होता है और शरीर से विषाक्तता दूर होती है। इसके बाद रोज सुबह कम से कम 30 मिनट योग-व्यायाम के लिए समय जरूर निकालें। आपको शारीरिक-मानसिक दोनों तरह से फिट रखने में ये आदतें विशेष लाभकारी हो सकती हैं।



### पौष्टिक नाश्ता और भोजन

आहार, हमारे शरीर के लिए ऊर्जा का स्रोत है, अध्ययनों से पता चलता है कि जिस प्रकार का भोजन हम करते हैं, उसका हमारी सेहत पर सीधा असर होता है। आहार में सुबह का नाश्ता सबसे महत्वपूर्ण है। भरपेट नाश्ता करें, जिसमें फल-कच्ची सब्जियां, अंडे, दूध, नट्स-सीड्स की मात्रा जरूर हो। रात में करीब 8-10 घंटे खाली पेट के बाद शरीर को सुबह स्वस्थ और भरपेट आहार की आवश्यकता होती है।

दोपहर का भोजन भारी न हो, इसमें हरी सब्जियों, साग, दही को शामिल करें। थाली में रंग-बिरंगी सब्जियां हो, कच्ची सब्जियों का सलाद आपको पौष्टिकता देता है। भोजन के बाद कुछ मिनट्स के लिए वॉक की आदत बनाएं।

### दिन में ज्यादा बैठे नहीं, पानी पीते रहें

ज्यादा समय तक बैठना कई बीमारियों को बढ़ाने वाला हो सकता है। अगर आप ऑफिस में काम करते हैं और लंबे समय तक बैठना होता है तो हर आधे घंटे पर कुर्सी से उठें तो शरीर को स्ट्रेच करके आसपास जरूर टहलें। शारीरिक रूप से निष्क्रियता बढ़ने से ब्लड प्रेशर, शुगर जैसी समस्याओं का खतरा हो सकता है।

इसके अलावा हर आधे घंटे पर थोड़ी मात्रा में पानी जरूर पीने का लक्ष्य बनाएं। शरीर को हाइड्रेट रखना हर मौसम में जरूरी है। दिन में कम से कम 3-4 लीटर पानी पीने का लक्ष्य रखें।

### जल्दी डिनर और अच्छी नींद जरूरी

शाम के समय डिनर जल्दी करने की आदत बनाएं। शाम को 6-7 बजे के बीच का समय सबसे उपयुक्त माना जाता है। डिनर हमेशा बहुत हल्का होना चाहिए। इसमें पौष्टिक चीजों, हरी सब्जियों को शामिल करें। रात में फल न खाएं। डिनर के बाद कम से कम 10-15 मिनट की वॉक करें। रात में 10 बजे तक सोने के लिए जरूर चले जाएं। सोने से पहले गर्म दूध में एक चुटकी हल्दी मिलाकर इसका सेवन करना आपकी इम्युनिटी बढ़ाने और कई रोगों से बचाने में सहायक है। इन आदतों का अगर रोजाना पालन किया जाए तो आप सेहत में बेहतर सुधार पा सकते हैं।



## वॉटरफॉल पेंटिंग लगाते समय नहीं करनी चाहिए ये वास्तु मिस्टेक्स



वॉटरफॉल पेंटिंग देखने में बेहद ही खूबसूरत लगती हैं। लोग इन पेंटिंग्स को अपने घर में लगाना पसंद करते हैं। हालांकि, वॉटरफॉल पेंटिंग लगाते समय आपको कुछ वास्तु मिसटेक्स से बचना चाहिए। अपने घर को सजाने के लिए हम सभी तरह-तरह की पेंटिंग का इस्तेमाल करना पसंद करते हैं। घर के अलग-अलग हिस्सों में तरह-तरह की पेंटिंग्स लगाई जाती हैं। कुछ लोग नेचर लवर होते हैं और इसलिए उन्हें वॉटरफॉल पेंटिंग लगाना काफी अच्छा लगता है। वॉटरफॉल पेंटिंग में जब पानी बहता हुआ दिखता है, तो वह बेहद ही खूबसूरत लगता है। घर में वॉटरफॉल पेंटिंग लगाने में कोई समस्या नहीं है। बस जरूरत है कि आप उसे सही तरह से लगाएं। अगर वॉटरफॉल पेंटिंग को गलत दिशा में इस्तेमाल किया जाता है तो यह आपके लिए नेगेटिविटी का कारण भी बन सकता है। तो चलिए आज इस लेख में वास्तुशास्त्री डॉ. आनंद भारद्वाज आपको वॉटरफॉल पेंटिंग लगाने से जुड़ी कुछ वास्तु मिसटेक्स के बारे में बता रहे हैं

### उत्तर दिशा के मध्य में लगाएं



यूं तो आपको घर में वॉटरफॉल पेंटिंग लगाने से बचना चाहिए। लेकिन अगर आप इसे लगाना ही चाहते हैं तो ऐसे में दिशा का खासतौर पर ध्यान रखें। कुछ लोग वॉटरफॉल पेंटिंग को स्पेस के अनुसार कहीं पर भी लगा देते हैं, जबकि यह सही नहीं माना जाता है। हमेशा वॉटरफॉल पेंटिंग को उत्तर दिशा के मध्य में लगाएं।

### लगाएं वॉटर फाउंटेन

अगर आपको पानी से जुड़ी कोई पेंटिंग अपने घर में लगानी है तो आप कोशिश करें कि आप वॉटरफॉल की जगह वाटर फाउंटेन की पेंटिंग अपने घर में लगाएं। वॉटर फाउंटेन में पानी नीचे से ऊपर की ओर जाता है। यह देखने में भी अच्छा लगता है और एक पॉजिटिविटी भी लाता है। इस तरह की पेंटिंग को आप उत्तर-पूर्व दिशा में लगाएं। इसे आप उत्तर के मध्य से लेकर पूर्व के मध्य में लगाएं। कभी भी आप इसे दक्षिण-पश्चिम में नहीं लगाना चाहिए।

### दक्षिण-पूर्व का कोना

वॉटरफॉल या वॉटर फाउंटेन की पेंटिंग को भूल से भी दक्षिण-पूर्व दिशा के कोने में नहीं लगाना चाहिए। अगर इस दिशा में वॉटरफॉल पेंटिंग को लगाया जाता है तो इससे आपको धन की हानि की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। साथ ही साथ, इससे घर में कलह भी हो सकता है।

### उत्तर -पश्चिम दिशा में न लगाएं

वॉटरफॉल की पेंटिंग को उत्तर-पश्चिम दिशा में लगाना भी अच्छा नहीं माना जाता है। अगर इस दिशा में वॉटरफॉल पेंटिंग लगाई जाती है तो इससे आपको कानूनी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इतना ही नहीं, इससे घर की महिलाओं को भी परेशानी होती है। यह घर के सदस्यों के लिए हेल्थ प्रोब्लम को भी बढ़ा सकता है।

### वॉटरफॉल की ऊंचाई

अगर आप अपने घर में वॉटरफॉल की पेंटिंग लगा रहे हैं तो आपको इस बात का ख्याल रखना चाहिए कि उसकी ऊंचाई बहुत अधिक ना हो। वास्तु के अनुसार नदी या समुद्र की पेंटिंग काफी अच्छी मानी जाती है। लेकिन वॉटरफॉल की पेंटिंग में पहाड़ी जैसा सीन होता है, जिसमें पानी ऊपर से नीचे की ओर गिरता है। यह एक तरह की नेगेटिविटी पैदा करता है।



## सर्दियों में पिएं गुड़ वाला दूध सेहत को मिलेंगे कई फायदे



सर्दियों में गुड़ वाला दूध पीने से सेहत को लाभ होता है। इससे डाइजेशन सुधरता है, वेट लॉस में मदद मिलती है और साथ ही कमजोरी भी दूर होती है। इसे पीने का सही तरीका और समय एक्सपर्ट से जानें।दूध पीना हमेशा सेहत के लिए फायदेमंद होता है। लेकिन खासकर, सर्दियों में गर्म दूध पीना सेहत को कई तरह से फायदा पहुंचा सकता है। अगर आप दूध में खजूर, घी, मुनक्का जैसी कुछ हेल्दी चीजों को मिलाती हैं, तो इससे दूध से शरीर को और अधिक फायदा मिलता है। सर्दियों में आपको गुड़ वाला दूध पीना चाहिए। इससे सेहत को कई लाभ मिलते हैं। इससे डाइजेशन सुधरता है, वेट लॉस में मदद मिलती है और साथ ही कमजोरी भी दूर होती है। इसे पीने का सही तरीका और समय एक्सपर्ट से जानते हैं। इस बारे में डाइटिशियन नंदिनी जानकारी दे रही हैं।

### गुड़ वाला दूध पीने के फायदे

एक्सपर्ट के मुताबिक, सर्दियों में गुड़ वाला दूध पीने से सेहत अच्छी रहती है।गुड़ में आयरन, पोटेशियम और फास्फोरस पाया जाता है। वहीं, दूध कैल्शियम, प्रोटीन, फॉस्फोरस और विटामिन ए से भरपूर होता है। इन दोनों को साथ मिलाकर पीने से कमजोरी दूर होती है, डाइजेशन में सुधार होता है और मौसमी बीमारियों से बचाव होता है।दूध में गुड़ मिलाकर पीने से मेटाबॉलिज्म बढ़ता है और इम्यूनिटी मजबूत होती है।गुड़ की तासीर गर्म होती है। यह शरीर को अंदर से गर्मी पहुंचाता है।अगर आपको सर्दियों में खांसी-जुकाम जल्दी हो जाता है, तो इसे जरूर पिएं।दूध में अगर आप चीनी के बजाय गुड़ डालकर पिएंगी, तो इससे मोटापा भी कम होगा।इससे कब्ज नहीं होती है, खाना ठीक से पचता है और पेट आसानी से साफ होता है।इससे हड्डियां मजबूत होती हैं। जिन लोगों को अर्थराइटिस की समस्या है, उन्हें इसे जरूर पीना चाहिए।जिन लोगों के शरीर में खून की कमीम है, उन्हें इसका सेवन जरूर करना चाहिए।इससे शरीर में खून की मात्रा बढ़ती है और कमजोरी दूर होती है।

### कैसे तैयार करें गुड़ वाला दूध?

आप 1 टुकड़े गुड़ को गर्म दूध में डालकर उबालें।इसे रात के समय गर्म ही पिएं।आप दूध के टुकड़े को पहले खाकर फिर गर्म दूध भी पी सकती हैं।हालांकि, दूध और गुड़ को मिलाकर पीना ज्यादा फायदेमंद रहेगा।



## चॉकलेट केक से करें मेहमानों का स्वागत जानें इसे बनाने का आसान तरीका

नए साल के बाद आपके लिए चॉकलेट केक बनाने की ऐसी रेसिपी जो बेहद आसान है। इसे आप अपने मेहमानों को भी परोस सकती हैं। बड़े से लेकर बच्चे तक आपका ये केक बेहद मन से खाएंगे। केक बनाने के लिए सबसे पहले अपने ओवन को 180 डिग्री सेल्सियस पर प्री-हीट कर दें। इसके बाद अब एक बड़े बाउल में मैदा, बेकिंग पाउडर, बेकिंग सोडा और कॉको पाउडर को अच्छे से मिलाएं। इसके बाद एक अलग एक बाउल में चीनी, दूध, तेल, वेनिला एक्सट्रैक्ट और अंडा डालकर अच्छे से मिक्स करें।

ये ना तो ज्यादा गाढ़ा हो ना ही काफी पतला। इसे तैयार करने के बाद अब सूखे और गीले मिश्रणों को सही से फेंटें। ध्यान रखें कि इस मिश्रण में किसी तरह की गांठें नहीं पड़नी चाहिए। इस बेटर को तैयार करने के बाद इसमें चॉकलेट चिप्स डालें। अब एक केक पैन को तेल या बटर से अच्छे से ग्रीस करें।

इसके बाद तैयार मिश्रण को केक पैन में डालें और फिर ओवन में रखें। इस केक को अब लगभग 30-35 मिनट तक बेक करें। इतने समय के बाद एक बार चाकू से ये चेक कर लें कि केक पक गया या नहीं। अगर चाकू पर बेटर ना चिपक रहा हो तो केक को बाहर निकाल लें। इसके बाद केक को ठंडा होने दें और फिर उसे प्लेट में निकालें। आपका चॉकलेट केक तैयार है। ठंडा होने के बाद आप इसे बादाम, चेरी या चॉकलेट आइसिंग के साथ सजा सकते हैं।

कार्नर न्यूज

### 33 वीं जूनियर राष्ट्रीय फेंसिंग चैंपियनशिप में भाग लेगी छत्तीसगढ़ की टीम

# छत्तीसगढ़ के तलवारबाज दिखाएंगे नेशनल में जलवा

भिलाई। ओडिशा फेंसिंग एसोसिएशन द्वारा फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया के तत्वावधान में 33 वीं जूनियर राष्ट्रीय फेंसिंग चैंपियनशिप (बालक एवं बालिका) का आयोजन जवाहरलाल नेहरु इंडोर स्टेडियम, कटक (उड़ीसा) में 05 जनवरी से 10 जनवरी तक आयोजित है। उक्त राष्ट्रीय चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ राज्य की जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग की 28 सदस्यीय टीम भाग ले रही है।

छत्तीसगढ़ जूनियर बालक एवं बालिका फेंसिंग टीम के गठन हेतु चयन स्पर्धा का आयोजन इस्पात क्लब, सेक्टर-1 भिलाई में 14 दिसम्बर को आयोजित किया गया था। जिसमें प्रदर्शन के आधार पर संभावित खिलाड़ियों की सूची तैयार की गई थी।

चयन स्पर्धा पश्चात संभावित खिलाड़ियों का विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बहुउद्देशीय हॉल, इस्पात क्लब, सेक्टर-1, भिलाई में 20 दिसम्बर से 03 जनवरी तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण शिविर का समापन शनिवार को शाम 4 बजे छत्तीसगढ़ प्रदेश फेंसिंग एसोसिएशन के महासचिव समीर खान के द्वारा किया गया तथा प्रदर्शन के आधार पर छत्तीसगढ़ जूनियर बालक एवं बालिका फेंसिंग टीम की घोषणा की गई।



उपरोक्त राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के जुनियर बालक एवं बालिका फेंसिंग टीम को खेल एवं युवा कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु जाने-आने का रेल्वे किराया एवं दैनिक यात्रा भत्ता प्रदान एवं ट्रैकसूट प्रदान किया गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश फेंसिंग एसोसिएशन द्वारा खिलाड़ियों एवं अधिकारियों को टी-शर्ट प्रदान किया गया।टीम शनिवार को बस से कटक (उड़ीसा) के लिये रवाना हो गई है तथा 11 जनवरी को वापस आएगी।उपरोक्त चैंपियनशिप में भाग लेकर उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर पदक प्राप्त करने हेतु छत्तीसगढ़ प्रदेश फेंसिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष एस. प्रकाश, आई.ए.एस. (सचिव, परिवहन एवं संसदीय मामले, छत्तीसगढ़ शासन) ने दूरभाष के माध्यम से खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाये प्रदान की।

### हिस्सा लेने वाले खिलाड़ी

तलवारबाजी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले जूनियर बालक एवं बालिका खिलाड़ियों एवं अधिकारियों में जूनियर बालक टीम में फॉइल इवेन्ट हिमेश साहू (दुर्ग), आयुष नेताम (दुर्ग), अंशुल फब्यानी (रायपुर), हर्ष रजक (दुर्ग), ईपी इवेन्ट ऋषभ गुप्ता (दुर्ग), जनार्दन साहू (दुर्ग), दीपांशु साहू (दुर्ग), भूपेंद्र कुमार यादव (दुर्ग), सैबर इवेन्ट नवीन साहू (दुर्ग), विनीत साहू (बिलासपुर), अनुज चौहान (दुर्ग), करनजीत सिंह आनंद (दुर्ग), प्रशिक्षक प्रवीण कुमार गाँवरे (रायपुर) और प्रबंधक मोहनीश वर्मा (दुर्ग) शामिल हैं। इसी तरह जूनियर बालिका टीम में फॉइल इवेन्ट. लावण्या साहू (रायपुर), अंशिका यादव (दुर्ग), पी. दिव्या रेड्डी (दुर्ग), धारणा ठाकुर (दुर्ग), ईपी इवेन्ट रश्मान कौर धीमान (दुर्ग), रुपाली साहू (बिलासपुर), रीबा बैनी (रायपुर), तुलसी मानिकपुरी (दुर्ग), सैबर इवेन्टः चांदनी साहू (दुर्ग), मर्लिन मेरी शिबू (रायपुर), नीतू यादव (रायपुर), तेजस्वनी मोहिले (दुर्ग), प्रशिक्षक व्ही. जॉनसन सोलोमन (दुर्ग) और प्रबंधक मोना पटेल (दुर्ग) शामिल हैं।

## सीनियर नेशनल वॉलीबाल चैम्पियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ की टीम बनारस रवाना

**रायपुर।** 72वीं सीनियर नेशनल महिला एवं पुरूष वॉलीबाल चैम्पियनशिप का आयोजन 04 से 11 जनवरी तक बनारस उत्तरप्रदेश में किया जा रहा है है। उक्त चैम्पियनिशप में राज्य महिला एवं पुरूष दोनों ही वर्गो की टीमें भाग ले रही है। प्रशिक्षण शिविर के उपरान्त अंतिम रूप से 14-14 खिलाड़ियों का चयन किया। जिसमें पुरूष वर्ग विकास यादव (कप्तान) विश्वा आर ,विनायक मूर्ति,दीक्षित डी (सभी रेल्वे), टी जगदीश राव , हेम शिखर , कौशल वर्मा , राजेश सिंह , अनुराग शर्मा (लिबरो) (सभी रायपुर) , गौरव साहू (कोरबा) ,यशवंत गुप्ता , युवराज सिंह (रायगढ) , तुषार पालित (भिलाई) , देवेश यादव (लिबरो) हेड कोच नितिन पाण्डेय (रायपुर), सहायक कोच डीसीएच सुरी बाबू (रेल्वे, रायपुर), सहायक कोच रमेश सिंह, सुरजपुर, मैनेजर ज्योति पांडे (रायपुर), मुख्य प्रबंधक पुरूष वर्ग दीपेश सिन्हा (रायपुर) शामिल हैं। महिला वर्ग में आस्था यादव (कप्तान) रायपुर , श्रेया मरावी , लक्की कुमारी ,कोमल मोर्या ,भावना वर्मा (साई रायपुर) , ममता वर्मा , पीहू यादव (लिबरो) रायपुर , खुशी पाण्डेय (लिबरो) रायपुर , शायना अंजुम ,साहिबा अंजुम (बीएसपी भिलाई), चन्द्रावती रजवाड़े, (सूरजपुर) शामिल हैं।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## मुश्किल में फंसे एक्टर विल, वायलिन प्लेयर ने लगाए कई गंभीर आरोप



हॉलीवुड अभिनेता विल स्मिथ अब कानूनी पचड़े में फंस गए हैं। उनके पूर्व साथी वायलिन प्लेयर ने उन पर यौन उत्पीड़न समेत कई गंभीर आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। 'बैड बॉयज' और 'मेन इन ब्लैक' जैसी फिल्मों के लिए मशहूर हॉलीवुड अभिनेता विल स्मिथ पर गंभीर आरोप लगे हैं। अभिनेता पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगे हैं। उनके 'बेस्ड ऑन अ ट्रू स्टोरी 2025' टूर की एक वायलिन वादक ने हॉलीवुड स्टार और उनकी मैनेजमेंट कंपनी पर दुर्व्यवहार और गलत तरीके से बर्खास्तगी का आरोप लगाया है। ये आरोप वायलिन प्लेयर ब्रायन किंग जोसेफ नाम के व्यक्ति ने लगाए हैं। ब्रायन किंग जोसेफ ने 'बेस्ड ऑन अ ट्रू स्टोरी 2025' टूर के दौरान स्मिथ के साथ परफॉर्मेंस दी थी। उन्होंने अब लॉस एंजिल्स की एक अदालत में अभिनेता और उनकी मैनेजमेंट फर्म ट्रेबॉल स्टूडियोज मैनेजमेंट के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। 31 दिसंबर को दायर किए गए इस मुकदमे में मार्च में टूर के लास वेगास स्टॉप के दौरान हुई एक घटना के बाद यौन उत्पीड़न, बदला और गलत तरीके से बर्खास्तगी का आरोप लगाया गया है। वैरायटी के मुताबिक, शिकायत में जोसेफ का दावा है कि जब वह स्मिथ की कंपनी द्वारा बुक किए गए अपने होटल के कमरे में लौटे, तो उन्हें ऐसे संकेत मिले कि कोई उनकी सहमति के बिना कमरे में घुस गया था। उनका आरोप है कि उन्हें वहां एक उत्तेजक संदेश, वाइप्स, एक बीयर की बोतल, किसी अन्य व्यक्ति को दी गई एचआईवी की दवा और अस्पताल से छुट्टी के कागजात मिले। इनके साथ एक नोट भी मिला, जिस पर लिखा था, 'ब्रायन मैं 5:30 बजे से पहले वापस आ जाऊंगी, सिर्फ हम दोनों।' इस पर एक दिल बना हुआ था और स्टोन एफ नाम लिखा था। वायलिन वादक ने आगे कहा कि उन्होंने तुरंत होटल की सिक्योरिटी को इसके बारे में बताया और स्मिथ की टीम को भी सतर्क किया। उन्होंने नान-इमरजेंसी पुलिस हेल्पलाइन पर भी मामले की सूचना दी। हालांकि, मुकदमे में दावा किया गया है कि टूर के मैनेजमेंट ने उन पर घटना के बारे में झूठ बोलने का आरोप लगाया।

### टॉलीवुड

## नेचुरल स्टार नानी का फैंस को खास तोहफा, 'द पैराडाइज' का पोस्टर जारी



साउथ अभिनेता नानी फिल्म 'द पैराडाइज' में जदल की भूमिका में नजर आएंगे। आज निर्माताओं ने फिल्म का एक नया पोस्टर जारी कर नानी के फैंस को खुश कर दिया है। इस नए पोस्टर में नानी का एक शक्तिशाली और खतरनाक अवतार देखने को मिल रहा है।

आज नानी की फिल्म 'द पैराडाइज' से उनका एक नया पोस्टर जारी किया गया, जिसमें नानी लाल रंग के चश्मे, भारी धातु की जंजीरें और काला पहनावा पहने हुए हैं। यह सभी पोस्टर में दिखाई दे रहा हैं। पोस्टर देखकर लग रहा है कि यह फिल्म का कोई एक्शन सीन है, क्योंकि नानी के पीछे कई लोग जमीन पर गिरे हुए नजर आ रहे हैं। 'द पैराडाइज' के बारे में

'द पैराडाइज' का निर्देशन श्रीकांत ओडेला कर रहे हैं। 'द पैराडाइज' में नेचुरल स्टार नानी मुख्य भूमिका में हैं। 'दशहरा' फेम श्रीकांत ओडेला द्वारा निर्देशित इस फिल्म को एसएलवी सिनेमाज बैनर के तहत सुधाकर चेरुकुरी निर्मित कर रहे हैं। 'द पैराडाइज' एक एक्शन ड्रामा फिल्म है। नानी, मोहन बाबू और संपोर्नेश बाबू के पहले जारी किए गए फर्स्ट लुक पोस्टर को शानदार प्रतिक्रिया मिली। यह फिल्म 26 मार्च, 2026 को तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़, मलयालम, बंगाली, अंग्रेजी और स्पेनिश भाषाओं में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### भोजपुरी

## प्रमोद और प्रीति का नया गाना रिलीज, यूट्यूब पर उड़ा दिया गर्दा



भोजपुरी स्टार प्रमोद प्रेमी यादव का प्रीति मौर्या के साथ गाना रिलीज हुई है, जिसने यूट्यूब पर गर्दा उड़ा दिया है। यह गीत प्यार, भरोसे और सच्चे रिश्तों की गहराई को बेहद सादगी और संवेदनशीलता के साथ पेश करता है। भोजपुरी संगीत जगत के सुपर स्टार प्रमोद प्रेमी यादव का नया रोमांटिक गीत 'पियवा के मन ना डोलल' रिलीज़ होते ही दर्शकों के दिलों में खास जगह बना रहा है। अपनी सुरीली और भावुक आवाज़ के लिए पहचाने जाने वाले प्रमोद प्रेमी ने इस गाने के जरिए एक बार फिर साबित कर दिया है कि वे प्रेम और भावनाओं को गीतों में बखूबी उतारने की कला जानते हैं। यह गीत प्यार, भरोसे और सच्चे रिश्तों की गहराई को बेहद सादगी और संवेदनशीलता के साथ पेश करता है। गाने के बोल रवि यादव ने लिखे हैं, जो सीधे दिल को छू जाते हैं। वहीं, संगीतकार विक्की वॉक्स का मधुर संगीत गीत की भावनात्मक ताकत को और बढ़ा देता है। 'पियवा के मन ना डोलल' एक ऐसा गीत है, जिसे सुनते ही श्रोताओं को अपने जीवन के रिश्तों की सच्चाई और विश्वास की अहमियत का एहसास होता है। यही वजह है कि रिलीज़ के कुछ ही समय में यह गाना यूट्यूब और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर वायरल होने लगा है। इस गीत में प्रमोद प्रेमी यादव के साथ अभिनेत्री प्रीति मौर्या नजर आ रही हैं। दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। प्रमोद और प्रीति की जोड़ी ने गीत में प्यार, अपनापन और भावनात्मक जुड़ाव को इतने स्वाभाविक अंदाज़ में दिखाया है कि दर्शक खुद को कहानी से जुड़ा हुआ महसूस करने लगते हैं। उनकी आंखों की भाव-भंगिमा और सहज अभिनय गाने को और भी खास बना देता है। यह गाना न सिर्फ संगीत प्रेमियों को लुभा रहा है, बल्कि उन लोगों के लिए भी खास है।

## लाइफ स्टाइल

### बहार की तैयारी



वसंत 2026 के लिए फ्लोरल फैशन तो तो कमाल की बात है। मशहूर मॉडल मिरांडा प्रीस्टली ने द डेविल वियर्स प्राडा में कुछ ऐसी ही बातें कही है और डिज़ाइनर्स भी ऐसा ही सोचते हैं। डिजाइनर सैंडी लियांग ने क्लासिक स्प्रिंग पैटर्न को प्रेयरी जैसी ड्रेसेस के साथ पेश किया है जबकि पैटबो ने 3 डी लाल और गुलाबी ब्रैलेट्स के साथ फ्लोरल को बढ़ावा दिया, जिन्हें उसी प्रिंट की ध्यान खींचने वाली स्कर्ट के साथ पेयर किया गया था।

## सर्दियों में रखें नाखूनों का ध्यान, वरना होगी बड़ी परेशानी



सर्दियों में अक्सर देखा जाता है कि सर्दियों के मौसम में नाखून काफी रूखे हो जाते हैं। इसी के चलते उनका ध्यान रखना भी काफी जरूरी होता है। अगर आप नाखूनों का ध्यान नहीं रखेंगे, तो ये टूटने लगते हैं। इनकी नमी बरकरार रखना बेहद जरूरी हो जाता है।

इसके लिए आप नारियल के तेल या फिर बादाम के तेल से अपने नाखूनों को मॉइस्चराइज कर सकते हैं।अगर आप अपने नाखूनों पर हमेशा बेस कोट लगाकर रखेंगे, तो ये आपके नाखूनों को धूल और गंदगी से बचा कर रखेगा। इससे नाखून मजबूत भी होते हैं। कई बार ऐसा होता है कि हम नाखून साफ करते वक्त क्यूटिकल्स को काट देते हैं, लेकिन ऐसा नहीं करना चाहिए। क्यूटिकल्स को काटने की बजाय उसपर लोशन या क्यूटिकल क्रीम लगाकर उनका ध्यान रखें। अगर आप अपने नाखूनों का ध्यान सही से रखना चाहते हैं, तो नींबू के साथ बेकिंग सोडा या अंडे और शहद को मिलाकर अपने नाखूनों पर लगा सकते हैं। नाखूनों के लिए ये बेहतर नेल मास्क है।

कोशिश करें, कि सर्दियों के मौसम में पानी में ज्यादा नाखूनों को ना भिगोएं। अगर आप ऐसा करेंगे, तो नाखूनों में ड्राईनेस हो सकती है। इससे नाखून कमजोर हो सकते हैं।अगर आप सर्दियों में हमेशा नेल पेंट लगाकर रखेंगी, तो इससे आपके नाखूनों को सांस लेने में परेशानी होगी। ऐसे में अपने नाखूनों को बीच-बीच में बिना नेल पेंट के रहने दें। सर्दियों में स्किन के साथ ही नाखून भी ड्राइनेस का शिकार होते हैं। हाथों पर बार-बार लगता पानी और साबुन उन्हें रफ बनाने के साथ ही कमजोर भी बना देते हैं। ऐसे में नाखून कई बार टूट जाते हैं। इस स्थिति से बचने के लिए सर्दियों में आप अपने नाखूनों का इन टिप्स की मदद से ख्याल रख सकते हैं:

### मॉइस्चराइजर

हाथों पर मॉइस्चराइजर लगाने के दौरान नाखुनों पर भी ध्यान दें। उसके आसपास अच्छे से लोशन या क्रीम लगाएं और स्किन में अब्सॉर्ब होने दें। रात को सोते समय हैंड क्रीम जरूर लगाएं। अगर आपको दिन में समय मिले तब भी हैंड क्रीम का इस्तेमाल करें और थोड़ी मोटी लेयर नाखूनों और उसके आसपास की स्किन पर रहन दें। इससे स्किन के उखड़ने या नाखून के ड्राई होने जैसी परेशानी नहीं होगी।

### गर्म पानी

ठंड में नल से भी ठंडा पानी आता है। हर बार गर्म पानी से हाथ धोना संभव नहीं होता। बार-बार ठंडे पानी के संपर्क में आने पर नाखूनों को नुकसान होता है। सप्ताह में एक बार नाखून को गर्म पानी में डूबाएं।

## सर्दियों में दिखना है स्टाइलिश तो इन अभिनेत्रियों के लुक्स पर डालें एक नजर



जब गर्मी का मौसम चल रहा होता है, तो लोगों के पास स्टाइलिश दिखने के कई विकल्प होते हैं लेकिन जब बात सर्दियों की आती है तो ये दुविधा आ ही जाती है कि कैसे कपड़े पहनकर खुद को स्टाइलिश दिखा सकते हैं। दरअसल, सर्दी के मौसम में स्टाइल दिखने के साथ-साथ सर्दी से बचाव करना भी बेहद जरूरी होता है। अगर आप अपना ध्यान नहीं रखेंगे तो तबियत खराब होने की संभावना भी रहती है। ऐसे में स्टाइलिश दिखने के साथ स्वास्थ्य का ध्यान रखने की भी काफी जरूरत होती है। अगर आप भी कुछ ऐसा ही लुक कैरी करने का सोच रहीं हैं जो स्टाइलिश भी दिखे और जिसे कैरी करने के बाद आपको सर्दी भई ना लगे तो आज का लेख आपके लिए है। हम आपको कुछ ऐसी अभिनेत्रियों के विंटर लुक्स दिखाने जा रहे हैं, जो बेहद स्टाइलिश हैं। ये अभिनेत्रियां अक्सर विदेश में ही रहती हैं, ऐसे में इनके लुक्स काफी प्यारे होते हैं।



### सोनम कपूर

अगर आपको ड्रेस पहनना पसंद है तो सर्दियों में भी इस तरह की वुलेन ड्रेस के साथ आप ऐसा कोट कैरी कर सकती हैं। इसके साथ लॉग बूट्स बेहद क्लासी लुक देंगे।

### स्कर्ट-टॉप लुक

सोनम कपूर को बॉलीवुड की स्टाइलिश डीवा कहा जाता है। ऐसे में आप उनके विंटर कलेक्शन से टिप्स ले सकती हैं। उनका ये स्कर्ट-टॉप लुक भी सर्दियों के हिसाब से काफी प्यारा है। आप इसके साथ ओवर कोट पहन सकती हैं।

### परिणीति चोपड़ा

एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा अक्सर विदेश में ही रहती हैं। ऐसे में उनके विंटर लुक्स बेहद कमाल के होते हैं। अगर आप भी उनकी तरह दिखना चाहती हैं तो ब्लैक लैगिंग्स के साथ इसी तरह का स्वेटर काफी प्यारा लुक देता है।

### ओवर कोट के साथ पहनें कैप

इस तरह का ओवर कोट आजकल काफी चलन में है। ऐसे में आप इस तरह को ओवर कोट के साथ जींस पहन सकते हैं। इसके साथ कैप पहनकर आपका लुक और भी ज्यादा खूबसूरत दिखेगा।

### प्रियंका चोपड़ा

एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा अपने लुक्स की वजह से हमेशा लोगों की सुर्खियां बटोरती रहती हैं। उनका हर लुक काफी क्लासी होता है।

## तुरंत जाना है पार्टी में तो इस तरीके से करें मेकअप



अगर आपको अचानक से पार्टी का बुलावा आ जाए तो मेकअप में कुछ परेशानी होती है। लेकिन वक्त को देखते हुए आप कुछ टिप्स के साथ बेहतर मेकअप कर सकती हैं।

मेकअप से पहले चेहरे को अच्छे तरीके से मॉइस्चराइज करें ताकि आपकी त्वचा चमकदार और स्वस्थ लगे। मेकअप से पहले त्वचा पर प्राइमर लगाना भी फायदेमंद होता है।

### फाउंडेशन

इसके बाद अपनी स्किन टोन के हिसाब से एक अच्छा फाउंडेशन चुनें और इसे अच्छी तरह से ब्लेंड करें। ध्यान रखें कि इसकी मात्रा ज्यादा नहीं होनी चाहिए।

### कंसीलर

आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स या चेहरे के किसी अन्य हिस्से को कवर करने के लिए कंसीलर इस्तेमाल करें। इससे आपके चेहरे के दाग-धब्बे छिप जाएंगे।

### आंखों का मेकअप

पार्टी के लिए स्मोकी आंखें, न्यूड लुक या बोल्ड आंखों का मेकअप चुनें। बस इस बात का ध्यान रखें कि आंखों का मेकअप अच्छी तरह के ब्लेंड हो चुका हो।

### गालों पर लगाएं ये

मेकअप पूरा करने के लिए चेहरे पर ब्लश और हाइलाइटर लगाकर आप अपने चेहरे की चमक बढ़ा सकते हैं।

## इस बीज के इस्तेमाल से सिल्की बनेंगे आपके बाल



अलसी जिसे हम फ्लैक्सीड के नाम से भी जानते हैं, यह ना केवल खाने बल्कि बालों को मजबूत, स्मूथ और शाइनी बनाने के काम भी आता है। इस बीज में प्रोटीन, ओमेगा -3 फैटी एसिड, फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन ई, विटामिन बी, मैगनीशियम, मैंगनीज और सेलेनियम आदि जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो बालों के लिए काफी लाभदायक हैं।

इसी के चलते आज हम आपको बालों में इसका इस्तेमाल करना बताएंगे। अगर आप अलसी के बीजों का इस्तेमाल करना चाहते हैं तो सबसे पहले पानी को उबाल कर उसमें दो बड़े चम्मच अलसी के सीड्स डालें। अब इसे 7-8 मिनट तक अच्छे से उबालें।जब पानी गाढ़ा होने लगे तो इसे सही से छान लें। अब इस छाने हुए पानी में एक छोटी चम्मच एलोवेरा जेल और एक चम्मच नारियल का तेल मिलाएं। इन सब चीजों को मिलाने के बाद कुछ बूंदे एसेंशियल ऑयल की मिला दें। अब इसका स्मूद पेस्ट बन कर तैयार हो जाएगा। इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले अपने बालों को छोटे-छोटे भागों में बांट लें। इसके बाद इसे बालों में लगाना शुरू करें। अच्छी तरह से जेल को बालों में लगाकर इसे कम से कम 20 मिनट ऐसे ही छोड़ दें। अब आप इसे सही तरह से धो सकते हैं। यदि आपके बाल कर्ली हैं तो इसे जरूर लगा कर देखें। घुंघराले बालों की स्मूदनेस को बरकरार रखने के लिए अलसी के बीज काफी फायदेमंद हैं। इसके साथ ही अलसी के बीजों में विटामिन, पोषक तत्व और हेल्दी फैट का मिश्रण होता है, जिसकी वजह से बालों का झड़ना बेहद कम हो जाता है। वहीं इससे बाल स्ट्रेट भी दिखाई देते हैं।

### कार्नर न्यूज

### मेंस फैशन में स्टाइल भी होनी चाहिए नई

## ड्रेसिंग के ये तरीके अपनाएं लड़के, आपके ट्रेंडी और स्टाइलिश लुक पर फिदा हो जाएंगे लोग

लड़के भी स्टाइलिश दिखना चाहते हैं। परफेक्ट लुक के लिए लड़कियां हों या लड़के सभी अपने अपने तरीके से ट्रेंडी फैशन का अपनाते हैं। ड्रेसिंग स्टाइल से लेकर फुटवियर और एक्सेसरीज को कैरी करके सबसे बेस्ट दिखने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। फैशन ट्रेंड बदलता रहता है। समय और मौके के मुताबिक कपड़ों का चयन आपको फैशनेबल बनाता है। बात लड़कों के फैशन की करें तो लड़कियों के मुकाबले लड़कों के पास कम विकल्प होते हैं। लेकिन स्टाइलिश दिखने के लिए वह भी अपने तरीके से ड्रेस अप होने और खुद को प्रेजेंट करने का काम करते हैं। अगर आप अपनी पर्सनेलिटी को स्टाइलिश और फैशनेबल तरीके से लोगों के सामने प्रस्तुत करना चाहते हैं तो आपके लिए कुछ टिप्स हैं। लड़कों को ड्रेसअप होते समय ड्रेसिंग स्टाइल के कुछ नियम को आजमाना चाहिए, जिससे वह स्टाइलिश और परफेक्ट लुक पा सकेंगे। ये रहे लड़कों के स्टाइलिश दिखने के लिए टिप्स।

### सही साइज के कपड़े पहनें

आप कितने भी महंगे या ब्रांडेड कपड़े पहन लें, लेकिन अगर वह आपके बॉडी पर परफेक्ट तरीके से फिट नहीं होते तो उनसे आपका लुक खराब हो जाएगा। किसी भी कपड़े को कैरी करने से पहले आपको अपनी बॉडी टाइप और साइज की सही जानकारी होनी चाहिए। अधिक टाइट या लूज कपड़ों से आपका लुक बेकार लगता है और आप असहज भी महसूस करते हैं।

### कपड़ों के रंग का सही चयन करें

कपड़ों के रंग के सही चयन से भी आप स्टाइलिश दिख सकते हैं। इसके लिए जरूरी है कि आप पर किस रंग के कपड़े जचेंगे, इस बात की जानकारी हो। कपड़ो की मैचिंग भी सही होनी चाहिए। जैसे आपकी पैंट या जींस के रंग पर किस रंग की शर्ट, टी-शर्ट परफेक्ट मैच करेगी। सूज के कलर को भी मैच कराएं।



### कपड़ों को सही ढंग से रखें

परफेक्ट लुक के लिए जरूरी है कि जो भी कपड़े आप पहन रहे हैं वह प्रेजेंटेबल हों। यानी सही ढंग से फोल्ड किए हों या आयरन हों। कपड़े का रंग न उतरा हो और चमक व नयापन बना रहें। इसके लिए वार्डरोब को व्यवस्थित करते रखें। कपड़ों में सिलवटें हो तो उसे बिना आयरन किए न पहनें।

### हेयरस्टाइल और शेव पर भी दें ध्यान



कहते हैं कि पहला इंप्रेशन ब्यूटी होता है। लोग आपके लुक्स को देखते हैं, इसलिए परफेक्ट लुक के लिए अपने हेयरस्टाइल का ध्यान रखें। ट्रेंडी और आप के फेस कट पर सूट करने वाली हेयर स्टाइल लें। इसके अलावा आपको बियर्ड लुक चाहिए या क्लीन शेव रहना है, उसके मुताबिक खुद को मेंटेन करें।

### शूज और एक्सेसरीज

आपके फुटवियर कपड़ों और मौके के मुताबिक हों। जैसे फॉर्मल कपड़ों पर किस तरह के शूज कैरी करने हैं? एथनिक वियर पर कैसे फुटवियर हों? ऑफिस या किसी पार्टी में आपके आउटफिट के मुताबिक शूज हों।